चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 66, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 03 अप्रैल 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'दंगा करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा कर देंगे'

## बिहार में गरजे शाहः कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर नीतीश सरकार पर जमकर बरसे, नीतीश कुमार पर सत्ता के लिए लालू यादव की गोद में बैठने का आरोप लगाया

**नवादाः** बिहार में रामनवमी के जुलूस के बाद भड़के तनाव के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बिहार में दो दिवसीय दौरे पर हैं। रविवार को नवादा में जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर नीतीश कुमार की सरकार पर जमकर बरसे। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर सत्ता के लिए लालू यादव की गोद में बैठने का आरोप लगाया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी कालाबजारी और भ्रष्टाचारियों से बिहार को मुक्त कराएंगे। वहीं, नीतीश कुमार के पीएम उम्मीदवारी पर तंज कसते हुए अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री की कुर्सी अभी खाली नहीं है। उन्होंने कहा कि लालू यादव गलतफहमी में हैं। तेजस्वी यादव सीएम नहीं बनेंगे। नीतीश कुमार तेजस्वी को कभी सीएम नहीं बनायेंगे।

**लोकसभा चुनाव के बाद गिर जाएगी नीतीश की सरकारः** शाह ने कहा कि इनके मंत्री भाजपा का दरवाजा खटखटा रहे हैं। आपके लिए भाजपा के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो चुके हैं। बिहार में जंगलराज फिर लौटा आया है। बिहारशरीफ और सासाराम में आग लगी है। आज पूरा बिहार चिंता कर रहा है।






लोकसभा चुनाव के बाद नीतीश सरकार खुद ही गिर जाएगी। भाजपा दंगा करने वालों को उल्टा लटकाकर सीधा कर देगी।

**मैं गृह मंत्री, बिहार मेरे हिस्से में- शाहः** अमित शाह ने बिहार में हिंसा को लेकर कहा कि सासाराम में अशोक जयंती में जाना था। वहां तो गोली चल रही है, नहीं जा सका। सासाराम की जनता से माफी मांगता हूं। मैं वहां जरूर जाऊंगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मैं गृह मंत्री हूं, बिहार मेरे हिस्से में है। नीतीश कुमार शांति नहीं ला सकते है। बिहार में शांति हो, इसलिए गवर्नर को फोन किया। इससे ललन जी बुरा मान गए।

**बिहार में जीतेंगे 40 की 40 सीटें: शाह** अमित शाह ने 2024 के लोकसभा चुनाव में बिहार की 40 सीटें जीतने का दावा किया।

उन्होंने कहा कि पूरे बिहार में कमल खिलने वाला है। 2024 में फिर से मोदी जी सभी 40 सीट जितने जा रहे हैं। शाह ने केंद्र द्वारा किए कामों का उल्लेख किया और कहा कि कश्मीर हमारा है। भाजपा ने कश्मीर से धारा 370 हटाई। हमनें राम मंदिर बनाया।

### बिहार को फंड दे रही केंद्र सरकार

**अमित** शाह ने कहा कि बिहार के हर एक पंचायत में कोऑपरेटिव डेयरी बनेगी। केंद्र ने बिहार को 1 लाख 9 हजार करोड़ रुपये दिए। पीएम मोदी 8 करोड़ 70 लाख लाभुकों को मुफ्त अनाज बिहार में दे रहे हैं। 85 लाख किसनों को सस्ती बिजली, 1.10 करोड़ महिला को केंद्र ने गैस दिया।

नवादा में रेललाइन, एनएच बनाया। मंच के बगल में रेललाइन गुजरी है। नवादा में खेती हो रही है। बिजली सुधरी है, रजौली में परमाणु क्षमता यूनिट की योजना बन चुकी है।

# बिहार दंगाः 107 गिरफ्तार, सबको सजा मिलेगी- डीजीपी

## शांति भंग करने का प्रयास पुलिस-प्रशासन ने किया विफल

**पटनाः नालंदा** और सासाराम में हुए उपद्रव को लेकर बिहार के डीजीपी और मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने रविवार शाम मीडिया से बातचीत की। डीजीपी आरएस भट्टी ने कहा वर्तमान में पूरे राज्य में विधि व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। डीजीपी आरएस भट्टी ने कहा वर्तमान में पूरे राज्य में विधि व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। सासाराम और बिहार शरीफ में जो कुछ घटनाएं हुई हैं। उनमें अभी तक कुल 109 व्यक्ति विभिन्न कांडों में संलिप्त पाए गए हैं। उनकी गिरफ्तारी हो चुकी है और लगातार हमने और लोगों की पहचान कर रहे हैं। ताकि गिरफ्तारी हो सके किसी भी



ऐसे असामाजिक तत्व को बक्सा नहीं बख्शा जाएगा। कानून पूरी ताकत के साथ उनसे निपटेगा। यह निश्चित तौर पर एक प्रयास था राज्य की अमन शांति को प्रभावित करने की। जिसको पुलिस प्रशासन ने मिलकर के विफल किया है और हम पूरी तरह कॉन्फिडेंट हैं कि आगे हम ऐसी घटना नहीं होने देंगे नहीं होने देंगे। जिससे कि आम आम सामान्य शांति विधि व्यवस्था की स्थिति पर प्रतिकूल दिखे जो ऐसे लोग हैं जो छोरे वह कहीं भी ऐसे व्यक्ति हैं, उनकी भी हम पहचान कर कानून के दायरे में लाएंगे।

**मुख्य सचिव बोले- अपराध करने वाले को सजा दिलाई जाएगीः** मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने कहा कि जिन्होंने किसी तरह का सामाजिक किया कानूनी अपराध किया है, उनको कानून के दायरे में लाकर के सजा दिलाई जाएगी। यह मुख्यमंत्री जी का निर्देश हुआ है। मैं उनका यह निर्देश आप के माध्यम से, मीडिया के माध्यम से सभी तक पहुंचाना चाहता हूं कि राज्य सरकार इस बात पर दृढ़ है शांति व्यवस्था बनी रहेगी।

# मुकदमों की जल्द सुनवाई और फैसला सुनिश्चित करें अदालतें: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि** जेलों में क्षमता से अधिक कैदी हैं और वहां रहने की स्थिति अक्सर भयावह होती है। ऐसे में अदालतों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मुकदमों को तेजी से पूरा किया जाए, खासकर उन मामलों में जहां विशेष कानून के तहत कड़े प्रविधान लागू होते हैं।

**शीर्ष अदालत ने दिया तर्कः** शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि मुकदमे की सुनवाई समय पर पूरी नहीं होती है, तो व्यक्ति के साथ होने वाले अन्याय की कोई सीमा नहीं है। जस्टिस एस रवींद्र



भट और दीपांकर दत्ता की पीठ ने नार्कोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोफिक सब्सटांसेज (एनडीपीएस) एक्ट के तहत आरोपित एक व्यक्ति को जमानत पर रिहा करते हुए यह टिप्पणी की। पीठ ने कहा कि जहां अभियुक्त सबसे कमजोर आर्थिक तबके से ताल्लुक रखता है ।

# रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा रक्षा निर्यात'



**नई दिल्लीः रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत का रक्षा निर्यात रिकार्ड ऊंचाई पर पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2022-2023 में अब तक का सर्वाधिक 15,920 करोड़ रुपये के सैन्य साजोसामान का निर्यात किया गया। इनमें डार्नियर-228 विमान, ब्रह्मोस मिसाइल, आकाश मिसाइल सिस्टम, बख्तरबंद वाहन, पिनाका राकेट और लांचर, हल्के लड़ाकू विमान तेजस, गोला-बारूद शामिल हैं। छह साल में रक्षा निर्यात दस गुना बढ़ा है। वित्त वर्ष 2016-17 में 1,521 करोड़ रुपये के सैन्य साजोसामान का निर्यात किया गया था।

**रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा रक्षा निर्यातः** रक्षामंत्री ने ट्वीट किया कि वित्त वर्ष 2022-2023 में भारत का रक्षा निर्यात 15,920 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। यह देश के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरक नेतृत्व में हमारा रक्षा निर्यात तेजी से बढ़ता रहेगा। रक्षामंत्री द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 में देश का रक्षा निर्यात 12,814 करोड़ रुपये था। भारत ने वित्त वर्ष 2020-21 में 8,434 करोड़ रुपये, 2019-20 में 9,115 करोड़ रुपये, और 2018-19 में 10,745 करोड़ रुपये का सैन्य उपकरणों का निर्यात किया। 2017-18 में यह राशि 4,682 करोड़ रुपये और 2016-17 में 1,521 करोड़ रुपये थी। सरकार ने वर्ष 2024-25 तक रक्षा निर्यात को 35,000 करोड़ रुपये तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने घरेलू रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय किए हैं।

## केंद्र ने एक साल में सौ प्रतिशत ओडीएफ प्लस का रखा लक्ष्य

**नई दिल्ली।** एक साल में ओडीएफ प्लस गांवों में पांच गुना बढ़ोतरी के बावजूद कवरेज का क्षेत्र चालीस प्रतिशत तक ही पहुंच पाने के बाद जलशक्ति मंत्रालय ने राज्यों से स्वच्छता अभियान तेज करने के लिए कहा है और पिछड़ रहे सभी राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों के लिए अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किए हैं।

इस चुनावी साल में केंद्र सरकार गांवों का माहौल बदलने के लिए स्वच्छ भारत और जलजीवन मिशन पर खास जोर दे रही है।

# यूपी निकाय चुनाव में पूरे तन-मन-धन से जुटे पदाधिकारी : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती रविवार को लखनऊ मॉल एवेन्यू स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक की। यह बैठक नगर निकाय चुनाव को लेकर की जा रही है। बैठक में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, मंडल कोऑर्डिनेटर, जिलाध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी भी शामिल रहे हैं। मायावती ने सबसे पहले पार्टी संगठन की मजबूती और प्रदेश के गांव-गांव में पार्टी के जनाधार को कैडर के आधार पर बढ़ाने के दिसम्बर माह में दिए गए कार्यों की



रिपोर्ट ली। उन्होंने प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कार्यों में आने वाली कमियों को दूर करने की हिदायत भी दी। उन्होंने यूपी में निकाय चुनाव को पूरी गंभीरता से लेकर उस पर पूरा ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए। राज्य के ताजा हालात व राजनीतिक घटनाक्रमों आदि से उत्पन्न स्थिति की गहन समीक्षा करने के बाद मायावती ने पदाधिकारियों और कार्यकताओं से कहा कि यूपी निकाय चुनाव में पूरे तन, मन, धन से जुट जाए। इसके लिए सबसे पहले यह बहुत जरूरी है कि पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और अन्य जिम्मेदार लोग इस चुनाव में उम्मीदवारों का चयन काफी सोच समझकर करें। उन लोगों को पहले प्राथमिकता दे जो निजी स्वार्थ की बजाए लोगों के हित और कल्याण के साथ क्षेत्र में विकास में रूचि रखते हो।

# बीजेपी ने जारी की 'कांग्रेस फाइल्स'

**नई दिल्लीः भारतीय जनता पार्टी** (बीजेपी) ने रविवार को कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए 'कांग्रेस फाइल्स' नाम की एक सीरीज शुरू की। इस वीडियो सीरीज में कांग्रेस के ऊपर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पहली सीरीज में भाजपा ने कांग्रेस सरकार के दौरान हुए कथित घोटालों का जिक्र किया है। आरोप लगाया कि यूपीए सरकार के दौरान 48,20,69,00,00,000 रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है। वीडियो में कहा गया है कि यह इतना सारा रुपये है कि जुबान तक लड़खड़ा जाए।

**वीडियो में क्या कहा गया?:** भाजपा की तरफ से जारी वीडियो में कहा गया कि कांग्रेस ने जनता की गाढ़ी कमाई के 48 खरब 20 अरब 69 करोड़ रुपये लूटे हैं। इस दौरान कोयला से लेकर 2-जी और कॉमनवेल्थ घोटाले तक का जिक्र किया गया है। वीडियो में कहा गया कि 48 खरब 20 अरब 69 करोड़ रुपये से देश की सुरक्षा से लेकर प्रगति तक के न जाने कितने काम किए जा सकते थे।

# सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार भाजपा सरकार में हुआ: अखिलेश यादव

**फिरोजाबाद।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव रविवार को एक निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के जनपद पहुंचे। यहां पर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार पर हमला बोला है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा से ज्यादा भ्रष्टाचारी कोई पार्टी नहीं हो सकती। किसान की आय को दोगुना करने का दावा करने वाली भाजपा सरकार में उनके अधिकारियों की आय दोगुनी हो गई है। भाजपा किसानों की नहीं उद्योगपतियों की पार्टी है। मंहगाई चरम सीमा पर है।



पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार का दावा है कि 100 में से चार लोग बेरोजगार हैं। सरकार पूरी तरह से झूठ बोल रही है। भाजपा सरकार ने अपने झूठ को सच बनाने के लिए तो 200 करोड़ रुपये देकर अमेरिकन कम्पनी को हायर किया है, जिससे झूठ को सच में बदला जा सकें।

# मैं बीजेपी को हराने के लिए छोटे दलों को आगे लाताः थरूर

**नई दिल्लीः अगले** साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए विपक्षी पार्टियों के बीच एकजुट होने को लेकर चर्चा जारी है। इसी बीच कांग्रेस नेता और लोकसभा सांसद शशि थरूर ने विपक्षी एकता को लेकर बड़ा बयान दिया है। लोकसभा सांसद शशि थरूर ने हालिया 'विपक्षी एकता की लहर' का स्वागत करते हुए रविवार को कहा कि कांग्रेस हकीकत में वह आधार बनेगी, जिसके चारों ओर अन्य पार्टियां जुटेंगी। लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर वह पार्टी नेतृत्व में होते, तो वह इसके बारे में बात नहीं करते और 2024 के आम चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए गठबंधन के संयोजक



की भूमिका निभाने के लिए छोटे दलों में से किसी एक को प्रोत्साहित करते। गौरतलब है कि थरूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव में मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ उतरे थे। थरूर ने कहा कि 2019 के मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद लोकसभा से राहुल गांधी की अयोग्यता ने "विपक्षी एकता की आश्चर्यजनक रूप से लहर" पैदा कर दी है। कई पार्टियों ने इस कहावत की सच्चाई को महसूस करना शुरू कर दिया है कि "एकता में अटूट शक्ति है और अगर हम बंटे तो बिखर जाएंगे।" पूर्व केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि अगर अधिकांश विपक्षी दलों ने एक साथ आने और एक-दूसरे के वोटों को विभाजित करने से रोकने के लिए नया कारण खोज लिया है, तो भाजपा को 2024 के चुनावों में बहुमत हासिल करना बहुत कठिन हो सकता है। गांधी की अयोग्यता पर देश में ध्यान दिए जाने के बीच कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के 'थैंक यू जर्मनी' ट्वीट के बारे में पूछे जाने पर थरूर ने कहा कि वह अपनी पार्टी के वरिष्ठ सहयोगी को सलाह देते कि उन्होंने जो किया है वह नहीं करें।

## किसानों के लिए आफत बनकर आई बारिश और ओलावृष्टि

# 5.23 लाख हेक्टेयर से अधिक की फसल प्रभावित

**नई दिल्लीः बेमौसम** बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाओं ने कई राज्यों में परेशानी खड़ी कर दी है। वहीं, मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में 5.23 लाख हेक्टेयर से अधिक गेहूं की फसल को प्रभावित किया है, जिससे किसानों में भारी उपज नुकसान और कटाई की चुनौतियों का डर पैदा हो गया है।

**तीन राज्यों में गेहूं की फसल को भारी नुकसानः**

भारत गेहूं के प्रमुख उत्पादकों में से एक है और इस तरह की क्षति वैश्विक स्तर पर लगातार उच्च मुद्रास्फीति और खाद्य सुरक्षा संकट जैसे हालात पैदा कर सकता है। अधिकारियों के अनुसार, खराब मौसम के कारण तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और



उत्तर प्रदेश में लगभग 5.23 लाख हेक्टेयर गेहूं की फसल खराब होने का अनुमान लगाया गया है।

**रिकॉर्ड 11.22 करोड़ टन गेहूं उत्पादन का अनुमानः** साथ ही, उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा में गेहूं की फसल को हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। इस साल गेहूं का बोया गया रकबा करीब 34 लाख हेक्टेयर है। अधिकारियों ने कहा कि सरकार चालू 2022-23 फसल वर्ष (जुलाई-जून) में रिकॉर्ड 11.22 करोड़ टन गेहूं उत्पादन का अनुमान लगा रही है।

**केन्द्र सरकार करेगी समीक्षाः** केंद्रीय कृषि सचिव मनोज आहूजा ने समाचार एजेंसी पीटाई को बताया कि पिछले दो से तीन दिनों में हुई बेमौसम बारिश के कारण गेहूं और अन्य रबी फसलों को हुए नुकसान की केन्द्र सरकार सोमवार को राज्य सरकारों के साथ समीक्षा करेगी। गेहूं एक प्रमुख रबी (सर्दियों) की फसल है। बारिश ऐसे समय में आई है, जब फसल कटाई के लिए लगभग तैयार थी।

# राहुल गांधी को देश कभी माफ नहीं करेगा: अनुराग

**नई दिल्लीः केंद्रीय** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि राहुल गांधी ने वीर सावरकर का अपमान किया है। उसके लिए देश उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। राहुल गांधी 10 जन्म लेंगे तब भी सावरकर नहीं बन सकते। सावरकर ने आजादी के लिए पूरा जीवन खपा दिया। राहुल ने अंग्रेजों की सहायता लेकर भारत के लोकतंत्र को कमजोर करने में समय बिताया। केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने आज (रविवार) यह टिप्पणी राष्ट्रीय राजधानी के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 'आईआईएफएल जीतो अहिंसा




रन' के मौके पर की। उन्होंने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर पश्चिम बंगाल सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने आईआईएफएल जीतो अहिंसा रन पर कहा कि यह दौड़ शांति और अहिंसा के साथ फिट इंडिया का संदेश दे रही है। ठाकुर ने कहा कानून व्यवस्था कैसे चरमराती है, इसकी सबसे बड़ी रोल मॉडल ममता बनर्जी हैं।

**खबर संक्षेप**

## विवाहिता को ससुरालियों ने पीट कर भगाया

**मऊआइमा।** दहेज में तीन लाख और सोने की चैन न मिलने पर विवाहिता को ससुरालियों ने मार पीट कर भगा दिए। विवाहिता ने पति सहित चार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया है। फूलपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शुक्लाना निवासनीय अंकिता मोर्या पुत्री रोम गोपाल मौर्या का आरोप है कि उसकी शादी 2021 में मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलईबाजार निवासी गुलाब चन्द्र मोर्या पुत्र राम जनक के साथ हुई थी। विवाहिता का आरोप है कि शादी के बाद से दहेज में तीन लाख रुपये नगद और सोने की चैन की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने उसे मारे पीटे और शादी का सारा सामान छीन कर भगा दिए। अंकिता मौर्या ने मऊआइमा थाने में पति गुलाब चन्द्र मौर्या, ससुर राम जनम ,सास सीता देवी, देवर प्रभात कुमार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने विद्यालय का किया लोकार्पण






अखंड भारत संदेश

**सिरसा।** प्रदेश के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक रविवार को करीब तीन बजे उरूवा के गोशौरा कला स्थित चंपारण स्टेट दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल प्रंगण में पहुँचे। जहाँ उनका स्वागत स्कूल के संचालक भाजपा नेता सुशील मिश्रा और प्रबन्धक स्वतंत्र मिश्रा ने बुक और माल्यार्पण कर किया। दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल लोकार्पण में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक पहुँचे। विद्यालय प्रबन्धक व मौजूद लोगोब ने माल्यार्पण कर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का जोरदार स्वागत किया। स्वागत की कड़ी में क्षेत्र के मशहूर गायक तिवारी बंधु ने स्वागत गीत सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आए हैं'...लगे कुटिया भी दुल्हन सी मेरे सरकार आए है, इस दौरान मौजूद लोगों ने गायकों के गाये स्वागत गीत की जमकर सराहना की। मेजा क्षेत्र विकास खंड उरूवा अंतर्गत गोशौरा कलां चंपारण स्टेट स्थित दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल में सूबे के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने किया लोकार्पण विद्यालय संस्था के चेयरमैन सुशील मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम काफी संख्या में लोग मोजुद रहे। विद्यालय की प्रबंधक स्वतंत्र मिश्रा ने स्कूल से जुड़े छात्र व अभिभावकों धन्यवाद ज्ञापित किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर रहा है विद्यालय का नाम प्रदेश देशों में नाम होगा। मेजा एसीपी विमल किशोर मिश्र व थाना प्रभारी जनेश्वर मिश्र, व मेजारोड चौकी प्रभारी राम भवन वर्मा, सिरसा चौकी प्रभारी जगदीश कुमार, जेवनिया चौकी प्रभारी प्रदीप अस्थाना मय फोर्स मौके पर मौजूद रहे।

उप मुख्यमंत्री के आगमन पर पूर्व मेजा विधायक नीलम करवरिया हर्षवर्धन बाजपेई विधायक, पीयूष रंजन निषाद विधायक, आनंद कुमार कलेक्ट पूर्व विधायक, जिला अध्यक्ष विभवनाथ भारती, जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह, ब्लॉक प्रमुख उरूवा प्रतिनिधि भोला गौतम, नित्यानंद उपाध्याय, गंगा प्रसाद मिश्रा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा, सिद्धांत तिवारी,तुलसीदास तिवारी,पप्पू उपाध्याय, सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## कृष्ण सुदामा मित्रता की कथा सुन श्रोता हुए भाव विभोर

अखंड भारत संदेश


भागवत कथा सुनाते पीयूष जी महाराज।

**सहसों।** कटका चौराहा स्थित भगवती पुरम अंदावां में मुख्य यजमान विश्वम्भर नाथ पांडे एवं श्रीमती सरस्वती पांडे के संयोजन में चल रही सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कथा के सातवें यानी दिन दिल्ली से पधारे कथा व्यास रस सिद्ध आचार्य दिलीप तिवारी पीयूष जी महाराज ने पंडाल में उपस्थित रस रसिक कथा के श्रोता भक्तों को परमेश्वर श्री कृष्ण एवं मित्र सुदामा की कथा का सजीव वर्णन करते हुए सुदामा चरित्र के सुंदर प्रसंग को सुना कर आनंदित कर दिए। कथा व्यास ने कहा कि सुदामा संसार में सबसे अनोखे भगवान के भक्त थे। वह जीवन में जितने ही गरीब थे, उतने ही वह अंतरमन से धनवान थे। कथा व्यास ने कहा हर मनुष्य को चाहिए कि अपने सुख व दुखों को भगवान की इच्छा पर सौंप दिया जाए। श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु श्रोता भक्त भावविभोर हो उठे। उन्होंने कहा कि जब सुदामा भगवान श्रीकृष्ण ने मिलने आए तो भगवान श्याम सुंदर ने मित्र सुदामा के फटे कपड़े नहीं देखे, बल्कि मित्र की भावनाओं को देखा। मनुष्य को अपना कर्म नहीं भूलना चाहिए। अगर सच्चा मित्र है तो श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होना चाहिए। जीवन में मनुष्य को कथा से सीख लेते हुए श्रीकृष्ण की तरह अपनी मित्रता निभानी चाहिए। कथा व्यास द्वारा सुन्दर सा भजन ,,व्यर्थ गंवाती हो क्यों जीवन मुख्य मंदिर में पड़ी पड़ी, हरि बोल मेरी रसना घड़ी घड़ी हरि बोल मेरी रसना घड़ी घड़ी,, सुनकर पूरा कथा पंडाल कृष्ण मय हो गया। कथा व्यास ने कहा भगवत कथा से ही इस जीवन की तमाम तरह की व्यथा दूर होती है और कथा श्रवण से ही इस जीवन में मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा विश्राम पर मुख्य यजमान द्वारा विधि विधान से वैदिक मंत्रों द्वारा व्यासपीठ की पूजा कराई गई। तत्पश्चात मुख्य यजमान सहित आयोजक संजय पांडे एवं राहुल पांडे परिवार समेत व्यासपीठ, भागवत भगवान एवं आवाहित देवी देवताओं की आरती उतारी गई। कथा के उपरांत उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्त श्रोताओं में प्रसाद का वितरण कराया गया। इस अवसर पर उमा शंकर पांडे, प्रभु नाथ पांडे, मनोज पांडे, नीरज पांडे, देवांश पांडे, कृतज्ञ पांडे एवं बालकृष्ण शुक्ला, ओम प्रकाश शुक्ला, अनुराग शुक्ला, बबलू केसरवानी, अवनीश शुक्ला, बच्चू मिश्रा सहित भारी संख्या में भक्त श्रोता नर नारी बाल वृद्ध उपस्थित होकर कथा का रसपान किया।

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जिला वॉलीबाल संघ प्रयागराज की स्मारिका का किया विमोचन

### जिला वॉलीबाल संघ की वार्षिक बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए) प्रयागराज की वार्षिक बैठक एवं स्मारिका विमोचन समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि माननीय ब्रजेश पाठक उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन ने जिला वालीबाल संघ,प्रयागराज द्वारा प्रकाशित स्मारिका 2022 का विमोचन किया। जिला वॉलीबाल संघ,प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला ने माननीय मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष केबीएल श्रीवास्तव ने विशिष्ट अतिथिद्वय माननीय हर्षवर्धन बाजपेई,विधायक शहर उत्तरी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीके सिंह को स्मृति चिन्ह प्रदान किया और डीवीए प्रयागराज के अध्यक्ष प्रभात कुमार राय ने अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया। बैठक में विशेष रुप से वॉलीबाल खेल के विकास पर चर्चा हुई तथा वार्षिक आय-व्यय प्रस्तुत किया गया। उक्त अवसर पर वॉलीबाल खेल कि जिला स्तरीय रेफरी परीक्षा पास करने वाले नए निर्णायकों को भी सम्मानित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से सर्वश्री वाईएन सिंह, सीपी मिश्रा, कुशल कांत मिश्रा, फूल चंद गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव, अजय राय, सुरेंद्र सिंह यादव, दुर्गेश सिंह, जेपी सिंह, धनन्जय राय, आईबी सिन्हा, मुकेश शुक्ला, निहारिका यादव, राजित राम शुक्ला, बर्फी लाल यादव, असफाक अहमद, संतोष भास्कर, प्रांजल दुबे, आदर्श मिश्रा, बीएल मौर्य, विवेक शुक्ला, ठाकुर प्रसाद, अंकित विश्वकर्मा, कार्तिकेय तिवारी आदि लोग उपस्थित रहें।

## वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं प्रतिभा अलंकरण कार्यक्रम संपन्न

### छात्र देश का भविष्य हैं : शशिकांत सिंह अधीक्षक केंद्रीय कारागार नैनी

**नैनी।** माधव ज्ञान केंद्र इंटर मीडिएट कॉलेज नैनी में वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं प्रतिभा अलंकरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ कविद्यालय की वार्षिक परीक्षा का परिणाम 99.0 4% रहा ,विद्यालय में सर्वोच्च अंक पाने वाले भैया विष्णु निषाद (छङ्ख) ने 96.57% ,अनंत कुशवाहा (4अ) 87.3 %, आस्था यादव (8अ) 92.3 5%, हिमांशु सिंह (9इ) 94.16% एवं सोनाक्षी यादव (11अ) 81.8 % अंक पाकर अपने-अपने वर्ग में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किए गए विद्यालय में छात्रों के बेहतरीन प्रदर्शन की सराहना करते हुए मुख्य अतिथि के रुप में शशिकांत सिंह ,वरिष्ठ कारागार अधीक्षक केंद्रीय कारागार नैनी ने कहा कि छात्र देश का भविष्य है उनका इसी प्रकार से सर्वांगीण विकास विद्यालय के माध्यम से होता रहे, विशिष्ट अतिथि अतिथि के रूप में राजमणि मिश्र सेवानिवृत्त अपर पुलिस अधीक्षक एवं अध्यक्ष के रूप में डॉक्टर एल एस ओझा वरिष्ठ चिकित्सक रहे विद्यालय के भैया बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम बेटी हूं मैं बेटी हूं मैं, सीताराम जी की राम भक्ति नृत्य, शास्त्रीय नृत्य एवं गणेश वंदना ने सभी अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया, विद्यालय में कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान ,विज्ञान, गणित की प्रायोगिक प्रतियोगिताएं, बोर्ड में सर्वोच्च अंक हासिल करने के लिए सौम्या शुक्ला जिले में आठवां स्थान इंटरमीडिएट में एवं साक्षी सिंह जिले में दसवां स्थान हाई स्कूल की परीक्षा में,अखिल भारतीय निबंध में अनुप्रिया सिंह ,आशीष सिंह, पायल सिंह ने प्रथम स्थान, हिंदी एवं अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता ,दीप सज्जा प्रतियोगिता ,राखी प्रतियोगिता सक्रिय छात्र, गायन ,वादन ,तबला सरस्वती वंदना, वेश प्रतियोगिता खेलकूद इत्यादि विधाओं में छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया कविद्यालय में आदर्श छात्र के रूप में समृद्धि यादव ,अमित सिंह एवं आकृति पाल को सम्मानित किया गया, विद्यालय से सेवानिवृत्त हो रहे दो आचार्य सुरेश प्रसाद शुक्ल एवं श्री दशरथ प्रसाद को विद्यालय के प्रबंधक शिवकुमार पाल द्वारा सम्मानित किया गया ,उन्हें भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह एवं श्री रामचरितमानस की पुस्तक दी गई क कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की छात्रा कृतिका सिंह, अंजली गुप्ता एवं छात्र योगेंद्र कुमार द्वारा किया गया उक्त अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ रघुराज प्रताप सिंह, प्रधानाचार्य डॉ विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी ,जिला प्रचारक नैनी अतुल, प्रधानाचार्य कमलाकर प्रधानाचार्य दिनेश दुबे, प्रधानाचार्य विनोद,कैप्टन बबलू मिश्रा ,अनुराग पांडे ,देवेंद्र प्रताप ,सूर्य प्रकाश उपाध्याय जी एवं समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहे।

## आगे बढ़ो, ऊंचाइयों को छुओ' ले लो आशीष हमारा

अखण्ड भारत संदेश



**लेडियारी।** अपनी परम्परा के अनुरूप कंपोजिट विद्यालय पवाँरी परिवार द्वारा कक्षा-8 के बच्चों के उज्वल भविष्य हेतु अध्यापकों के आशीर्वचनों के साथ बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। अक्सर समारोह खुशियों के होते हैं लेकिन यह पल भावुकता से भरा था और कुछ बच्चियाँ तो सुबह से ही रो रही थीं। आज बच्चों को ये आभास हो गया की आगे की शिक्षा के लिए उन्हें किसी अन्य विद्यालय का रुख करना होगा। बच्चों के लिए ही नहीं यद्यपि अध्यापक गणों के लिए भी ये पल बेहद भावुक कर देने वाला था। इस मौके पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे तथा बच्चों का उत्साहवर्धन करते रहे। इस कार्यक्रम में कंपोजिट विद्यालय पवाँरी के इंचार्ज प्रधानाध्यापक काले सिंह , सहायक अध्यापिका सोनी अरोड़ा ,सहायक अध्यापक अशुतोष पाण्डेय,रवींद्र कुमार मौर्य,अभिनय कुमार के अलावा उच्च प्राथमिक विद्यालय सेमरी जिरौंहा के इंचार्ज प्र.अ.प्रभात कुमार पाण्डेय,उच्च प्राथमिक विद्यालय रवनियाँ मझिगवां के सहायक अध्यापक बलराम यादव,प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर के स. अध्यापक चन्द्रशेखर सिंह,विवेक कुमार और प्राथमिक विद्यालय जमुआं द्वितीय के विजय कुमार उपस्थित थे। विद्यालय के इंचार्ज प्र0 अध्यापक काले सिंह ने विदाई समारोह में आये हुए संकुल के सभी शिक्षक साथियों का हार्दिक अभिनन्दन किया` उन्होंने बताया कि बच्चों की विदाई का यह क्षण सदैव पीड़ा दायक होता है`क्योंकि कुछ बच्चे ऐसा होते हैं जिनके ऊपर खासकर ई0प्र0अ0 एक शिक्षक जितना भरोसा और विश्वास करता है` वह बच्चे के बताये हुए कार्य को पूरी ईमानदारी से करता है तथा हर वर्ष विद्यालय का ई0प्र0अ0 कुछ ऐसे बच्चे तैयार करता है,जिन पर वह पूर्ण विद्यालय की जिम्म्मेदारी तथा अभिलेखों सहित समस्त बातों का उन्हें ज्ञान कराता है छात्र भी उसे अपनी जिम्मेदारी मानकर निभाता है`ऐसे बच्चे जीवन भर याद आते है ।आज कुछ ऐसे ही बच्चों का विद्यालय से शिक्षा पूर्ण करने के बाद जाना बहुत ही दुःखद ,परन्तु सुख देने वाला पल है` उनमें जिम्मेदारी और ईमानदार आदि गुणों का संचार करके भेजा है तथा अपने जीवन में समस्त छात्र उचाईयो की अंतिम सीढ़ी तक जरूर पहुँचे ` भगवान से यही मनोकामना है। खास बातचीत की इस कड़ी में विद्यालय परिवार की ही अध्यापिका,कोरांव ब्लाक की कर्मठ एवम आदरणीय जिला वेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज द्वारा जिले के उत्कृष्ट शिक्षिका के रूप में पुरस्कार पाने वाली श्री मती सोनी अरोड़ा जी ने कहा कि मैं ब्यक्तिगत रूप से इन बच्चों की सदैव ऋणी रहूंगी जो मुझे एक शिक्षिका के रूप में निखरने का मौका दिया और मेरा हमेशा साथ दिया अब तक का सफर बहुत यादगार था।उन्होंने कहा कि यह अविस्मरणीय पल कमाने में बहुत साल लग जाते हैं और मुझे खुशी है कि मैं इन पलों का हिस्सा हूँ सभी अध्यापकों की जिंदगी में यह पल जरूर आए कि उनको बच्चों से इतना प्यार मिल सके।ये अविस्मरणीय पल हमेशा याद रहेंगे।बच्चों को रोता देख कर वो भी अपने को रोक न सकी औ? उनकी आँखें नम हो गई।बाकी सभी अध्यापकों ने भी बच्चों के उज्जल भविष्य की शुभकामनाये दी। साथ ही विद्यालय परिवार की तरफ से कक्षा 8 के उतीर्ण बच्चों को उपहार के रूप में अध्ययन सामग्री भी दी गई।

# प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं : खण्ड शिक्षा अधिकारी

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती ' विषम परिस्थितियों में भी प्रतिभाशाली बच्चे निखर कर सामने आ ही जाते हैं ' आवश्यकता है ऐसी प्रतिभाओं को अवसर देने की उक्त बातें खण्ड शिक्षा अधिकारी कौड़िहार ओम प्रकाश मिश्र ने नवाबगंज बीआरसी पर मेधावी बच्चों की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के अवसर पर कही। विकासखंड के समस्त प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के मेधावी छात्रों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया उच्च प्राथमिक स्तर पर मधेश' की शिखा पटेल ने सर्वाधिक अंक अर्जित करते हुए प्रथम स्थान ,दुखियापुर के सत्यम साहू ने द्वितीय एवं नसीरपुर की निशा पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि प्राथमिक स्तर पर सरस्वतीपुर के देवेश मिश्रा को प्रथम, करीमुद्दीनपुर के अभिषेक ने द्वितीय एवं कुरेसर और जगदीशपुर खंदरौली के अंकुश और अंशिका संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहे। ए आर पी जय सिंह के द्वारा नकल विहीन परीक्षा संचालित करने के लिए कंट्रोल रूम से ऑनलाइन मॉनिटरिंग की गई। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त समस्त प्रतिभागी छात्रों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष राधे कृष्ण एवं मंत्री बालेंद्र ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी एवं भविष्य मे भी परिश्रम करते रहने के लिए प्रेरित किया। मेधावी बच्चों की प्रतियोगिता के लिए बनाए गए परीक्षा प्रभारी विष्णु कुमार मिश्र ए आर पी ने कहा मेधावी छात्रों को सम्मानित करना एक सराहनीय पहल है इससे अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी। उपस्थित अध्यापकों एवं अभिभावकों के द्वारा इस प्रकार की परीक्षा का आयोजन त्रैमासिक कराने की सलाह दी गई। इस अवसर पर अजमल अमीन अंसारी, पूनम चौधरी, प्रियंका, विनय, अनिल, अंकित, सुधीर, मंजू आदि लोग उपस्थित रहे।

## शूआट्स इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता

### ब्लू हाउस के बिपिन कुमार सिंह, अंकित द्विवेदी का हरफनमौला प्रदर्शन

**नैनी।** इन्टर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन रेड हाउस ने बड़ा उलट फेर कर दिया। रेड हाउस ने अपने से कहीं बेहतर टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई। रेड हाउस और ब्लू हाउस ने अपने लीग मुकाबले में अगले चरण में अंक में इजाफा किया और दोनो टीम फाइनल मुकाबले में पहुंच गई। प्रथम सत्र के दौरान रेड हाउस और ब्लू हाउस के बीच मैच संपन्न हुआ जिसमें रेड हाउस ने यह मैच 11 रनों से जीत लिया।रेड हाउस पहले बल्लेबाजी करते हुए4 विकेट पर 89 रन बनाए किन्तु ब्लू हाउस की टीम निर्धारित ओवरों में 8 विकेट पर 77रन ही बना पाई।रेड हाउस की तरफ अरविंद ने 29 रनों का और शिवम यादव ने 31 रनों का शानदार योगदान किया।। गेंदबाजी करते शुभम ने 18 रन देकर 2विकेट और मिलिंद 20 रन देकर ने 2 और शिवम यादव ने 9 रन देकर 1 विकेट चटकाएं जबकि ब्लू हाउस के अंकित द्विवेदी ने बल्लेबाजी करते हुए 35रन बनाए और उनके गेंदबाज आशीष ने 3-0-18-1 तथा बिपिन कुमार सिंह ने 4-0-10-2 बॉलिंग के आंकड़े प्रदर्शित किए। द्वितीय सत्र में मुकाबला ब्लू हाउस और येलो हाउस के बीच संपन्न हुआ जिसमें ब्लू हाउस विजयी रही।यह मैच ब्लू हाउस ने 9विकेटों से जीता। पहले खेलते हुए येलो हाउस ने मात्र 73 रन ही सभी विकेट खोकर बनाए किन्तु ब्लू हाउस ने एक विकेट खोकर आसानी से यह रन बना लिए। यलो हाउस के बल्लेबाज कप्तान शुभम ने 12 रन का योगदान दिया।उनके गेंदबाजमेहताब ने मात्र 1 विकेट हासिल किया। जबकि ब्लू हाउस की तरफ से बिपिन कुमार सिंह ने शानदार ताबड़ तोड़ नाबाद 55 रन बनाए जबकि उनके गेंदबाज अंकित द्विवेदी ने 18 रन देकर 5 विकेट लिए। मैच के अंपायर राकेश साहू और डॉक्टर अचिंत टेरेंस थे और स्कोरर सिबिन थे। यह जानकारी क्रिकेट इंचार्ज राकेश साहू ने दी।

**न्यूज झरोखा**

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मऊआइमा ने हासिल की उपलब्धि, स्टाफ में खुशी की लहर



**मऊ आइमा।** मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हमेशा अपने अच्छे और कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों को लेकर चर्चा में रहता है । मऊआइमा के अस्पताल की भौगोलिक विभिन्न स्तरों से जांच करायी गयी। जिसमें वह दूसरे नम्बर पर रहा है।यदि दूसरे एंगल से जांच होती तो भ्रष्टाचार में अव्वल आती। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कि विभिन्न स्तर की टीमों द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सक पैनल के भौतिक सत्यापन में उत्तीर्ण होने पर राज्य के द्वारा स्तरीय राष्ट्रीय स्तर पर नाम भेजा गया । जिसको लेकर चार दिवसीय स्थलीय निरीक्षण किया गया । जिसमें मऊआइमा सीएससी में मरीजों की अच्छी सुविधाओं ,उच्च गुणवत्ता की जांच ,चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ आदि परीक्षण के बाद सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मऊआइमा प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा । आरोप है कि टीम यदि मरीजों से पूछती तो सच्चाई सामने आ जाती। आरोप है कि फौजदारी में घायलों से धनादोहन करने में अव्वल आ जाता।दाईं के माध्यम से धनादोहन भी खुल जाता।बहरहाल प्रदेश में दूसरे नम्बर पर आने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मना कर पीठ थप थपा ली।। इस मौके पर सीएससी अधीक्षक डॉ राम गोपाल वर्मा ,स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी सुनील सरोज आदि मौजूद थे।

## नए शैक्षिक सत्र पर विद्यालयों में निकाला गया स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली




**सोरांव।** शिक्षा को नया आयाम देने के लिए नया शैक्षिक सत्र 2023- 24 को सफल बनाने के लिए शनिवार को कमपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवगढ़ प्रथम में स्कूल चलो अभियान के तहत गावों में एक भव्य जागरूकता रैली इंचार्ज प्रधानाध्यापिका सुनीता सिंह के दिशा निर्देश में निकाली गई। तथा स्कूल के सभी शिक्षिकाओं ने अभिभावकों से संपर्क करके बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालय में जल्द से जल्द करवाने के लिए प्रेरित भी किए। तथा गांव में प्रवेश प्रारंभ का पोस्टर बैनर भी चस्पा किया गया। शिवगढ़ स्कूल में कक्षा 8 पास बच्चों का एक भव्य विदाई समारोह भी किया गया जिसमें बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम के साथ ही साथ झांकी भी निकालें। वही विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका सुनीता सिंह ने बच्चों को पुरस्कार वितरण कर शैक्षिक सामग्री तथा पुस्तक वितरण का भी कार्यक्रम किए। इतना ही नहीं सत्र के पहले दिन जिन अभिभावकों ने अपने बच्चों का नामांकन स्कूल में करवाएं है।उनको भी विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुनीता सिंह ने उपहार देकर सम्मानित किए। इस मौके पर सहायक अध्यापिका इंदु मौर्य,अर्चना आनंद,अनामिका सक्सेना,संगीता त्रिपाठी, प्रज्ञा राय संग सहयोगी शिव मूरत यादव प्रबंध समिति सदस्य, मंजू देवी व उपाध्यक्ष राजनाथ शर्मा मौजूद रहे।

## चौपाल कार्यक्रम : गांव की समस्या गांव में समाधान




**सहसों।** प्रदेश सरकार द्वारा आदेशित चौपाल कार्यक्रम में गांव की समस्या को गांव में ही समाधान करना सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार विकास खण्ड सहसों के ग्राम सभा दामोदरपुर उर्फ तिवारीपुर में शुक्रवार को ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को चुना गया। इस अवसर पर तिवारीपुर गांव के ग्रामीणों ने आवास, शौचालय, संपर्क मार्ग एवं इंटरलॉकिंग आदि का अर्जी देते हुए अपनी समस्याओं को चौपाल में रखा। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह, खण्ड विकास अधिकारी संजीव रत्न एवं ग्राम प्रधान बाल गोविंद तिवारी ने गांव के विकास एवं आदि लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों की अर्जी लेकर समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। चौपाल कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एडीओ आईएसबी विजय कुमार गौतम, ग्राम पंचायत अधिकारी मोहम्मद असलम एवं प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू उपस्थित रहे। इसी क्रम में विकास खण्ड के गोरापुर ग्राम पंचायत में भी चौपाल कार्यक्रम लगाकर ग्राम प्रधान पूनम देवी एवं ग्राम पंचायत अधिकारी मोहम्मद असलम ने ग्रामीणों की समस्याओं की अर्जी लेते हुए समस्या को सुना तथा शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

## परिजनों से मिल सांसद ने जताई संवेदना



**शंकरगढ़।** वरिष्ठ समाजसेवी व किसान रामेश्वर प्रसाद शुक्ल का निधन विगत दिनों हो गया था। क्षेत्र के अतरी कसौटा के रहने वाले किसान रामेश्वर प्रसाद शुक्ल 80 वर्ष के थे। उनके निधन का समाचार जैसे ही क्षेत्र में पहुंचा, लोगों में शोक की लहर दौड़ पड़ी और संवेदना जताने वालों का तांता लग गया। साधारण परिवार में जन्मे रामेश्वर प्रसाद शुक्ल ने साधारण जीवन व्यतीत करते हुए बच्चों को शिक्षित किया और रामेश्वरम एजुकेशन सोसाइटी की स्थापना कर क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाई। रामेश्वर प्रसाद शुक्ल के निधन पर प्रयागराज सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है। शनिवार को सांसद प्रयागराज रीता बहुगुणा जोशी उनके पैतृक गांव कसौटा पहुंची और उनके आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त कर शोक संवेदना प्रकट की। सांसद ने कहा कि उनका रामेश्वरप्रसाद शुक्ल के परिवार से काफी पुराना और घरेलू संबंध रहा है,उनके निधन से अपूर्णीय क्षति हुई है।मौके पर राजेंद्र शुक्ल, सांसद प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय, अभिषेक शुक्ला, विजय कुशवानी,नरेंद्र शुक्ल आदि लोग रहे।

## विद्यालय के वार्षिक उत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल



**लेडियारी।** उदित नारायण पब्लिक स्कूल देवी बांध मे रविवार को वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी गाजीपुर अशोक नाथ त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत में ही विद्यालय के बच्चों द्वारा नृत्य गायन व अच्छी मधुर गीतो ने समारोह को सजा दिया। मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहा कि पिछड़े क्षेत्रों में ऐसे विद्यालयों का होना जरूरी है इसलिए की गरीब तबके लोग शहर के विद्यालयों में पढ़ाने में असमर्थ होंगे। प्राथमिक शिक्षा ही छोटे बच्चों के पढ़ाई की नींव है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता योगेश शुक्ला ने कहा की क्षेत्र में ऐसे विद्यालयों की जरूरत है जिससे हर बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। क्षेत्रीय विधायक कोरांव के प्रतिनिधि रूप के रूप में उपस्थित बबूआन द्विवेदी ने विद्यालय को विधायक निधि से दो कक्ष बनवाने की घोषणा किया है। इस दौरान कार्यक्रम में डॉक्टर अवधेश प्रताप सिंह प्रधानाचार्य सरदार पटेल इन्टर कॉलेज शिकरों,शिवाकांत पांडे ,बिमलेश तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि अरुआरी,रामप्रवेश सिंह अमरनाथ पांडे इकबाल बहादुर सिंह बलराम मिश्र सहित विद्यालय के स्टाफ अनन्त कुमार,राजेश सिंह, विंध्यवासिनी शुक्ल, शिक्षिका आराधना सिंह रितु पांडे स्नेहा शुक्ला प्रतिमा शुक्ला, एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। आऐं हुएं आगंतुकों गणमान्य लोगों का विद्यालय के प्रबंधक रत्नेश शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।

### खबर संक्षेप

## सूने मकान से लाखों के जेवरात और नगदी उठा ले गए चोर

### पहले हुई चोरियों का नहीं हो सका खुलासा

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कनिहार में सूने मकान में चोरों ने जमकर उत्पात मचाया। घर मे रखे घरेलू सामान तोड़ कर लाखो के जेवरात व नगदी उठा लेगये। मकान मालिक विदेश में है और पत्नी 15 दिन से अस्पताल में भर्ती है सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल कर कुछ नाबालिक तो उठाकर पूछताछ कर रही है।

कनिहार निवासी मो. अनीस सऊदी में नौकरी करता है घर में उसकी पत्नी और बच्चे रहते हैं पत्नी को डिलीवरी के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है घर में 15 दिन से ताला बंद है। रविवार को अनीस का भाई अतीक घर मे गया तो देखा कि अंदर सारा सामान बिखरा था। इनवर्टर, लैपटॉप, स्टेपलाइजर टूटा पड़ा था। अलमारी से लाखों के जेवरात व 17 हजार रुपये नगदी गायब थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ की कुछ नाबालिग युवकों को पुलिस उठाकर पूछताछ कर रही है। पुलिस की माने तो कहीं नाबालिग लड़कों ने ही घर में घुसकर तोड़फोड़ चोरी की है।

# कारपेंटर की संदिग्ध हालात में मौत

### पास में मिली दारू की शीशी, परिजन बोले- जहरीली शराब के सेवन से गई जान





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इंडस्ट्रियल एरिया थाना अंतर्गत अजवैया गांव में रविवार की दोपहर एक कारपेंटर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उसके घरवालों ने आरोप लगाया कि जहरीली शराब पीने की वजह से उसकी जान गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हार्ट अटैक बताई जा रही है। पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है। घरवालों का कहना है कि उसके पास से शराब की खाली शीशी मिली है।यमुनानगर अंतर्गत औद्योगिक थाना क्षेत्र के अजवइया गांव निवासी शिवराम उर्फ छोटू विश्वकर्मा (34) पुत्र नचकऊ विश्वकर्मा दो भाइयों में छोटा था। वह कारपेंटर का काम करता था। उसके दो बेटे हैं। उसकी भाभी ने बताया कि वह दोपहर में कला गांव गए थे। वहां से ई रिक्शा से वापस आए। अपने साथ में अवैध शराब लेकर आए थे। घर में पहुंचकर उन्होंने शराब पी। उसके बाद उनकी हालत बिगड़ी और अस्पताल ले जाने से पहले ही उनकी मौत हो गई।

घरवालों ने आरोप लगाया कि जहरीली शराब पीने से शिवराम की मौत हुई है। गांव वालों ने बताया कि क्षेत्र के लवणकला मवैया समेत कई गांवों में कच्ची शराब जोर शोर से बनती है। पुलिस छापेमारी जरूर करती है, लेकिन शराब बनाने वाले ना तो पकड़ में आते हैं, न शराब बनाने का धंधा बंद करते हैं। जिसकी वजह से इस तरह जाने जा रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शराब को नशीली बनाने के लिए उसमें विषैले लिक्विड मिलाए जाते हैं।

प्रभारी थानाध्यक्ष कौशलेंद्र धर द्विवेदी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हार्टअटैक आई है। बाकी जांच की जा रही है, जो भी सच्चाई होगी, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। शव को परिजनों के सुपुर्दगी कर दिया गया है।

# बीडीओ से मारपीट के चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजे गए जेल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शनिवार को तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के पश्चात मऊआइमा के खंड विकास अधिकारी से मारपीट करने वाले चार नामजद आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को रिमांड मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया। मजिस्ट्रेट ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया। मऊआइमा विकासखंड अंतर्गत जमुई गांव की रहने वाली सुषमा प्रधानमंत्री आवास की पात्रता सूची से अपना नाम हटाए जाने से आक्रोशित थी।सोरांव तहसील परिसर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में सुषमा अपने साथियों के साथ पहुंची थी। उप जिलाधिकारी कार्यालय के सामने मऊआइमा खंड विकास अधिकारी श्याम नारायण चतुर्वेदी के साथ सुषमा का विवाद हो गया। चतुर्वेदी का आरोप है कि सुषमा और उनके साथियों ने उनके साथ गाली गलौज तथा मारपीट की। हमला कर कपड़े फाड़ दिए। श्याम नारायण चतुर्वेदी की तहरीर पर सोरांव पुलिस ने सुषमा समेत चार को नामजद किया।इसके अलावा 8-10 अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। सोरांव थाने के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि रविवार दोपहर मुखबिर से सूचना मिली कि नामजद आरोपी दादपुर नहर की पुलिया के पास मौजूद हैं। इस पर घेराबंदी कर पुलिस ने जमुई गांव के रहने वाले राजा त्रिपाठी, उसके दो बेटे हिमांशु तिवारी तथा दिव्यांशु तिवारी और ओम नारायण तिवारी को रविवार दोपहर करीब 12 बजे गिरफ्तार कर लिया। डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद चारों आरोपियों को कोर्ट रिमांड मजिस्ट्रेट न्यायालय में पेश किया गया। मजिस्ट्रेट ने चारों को जेल भेज दिया।

# व्यापारियों ने सरकार से मांगा मुआवजा

### नेहरू कांप्लेक्स में आग लगने से दुकानों में रखा माल जल कर हो गया था खाख



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की आपातकालीन बैठक जिलाध्यक्ष लालू मित्तल की अध्यक्षता में रविवार को चौक में हुई । बैठक में नेहरू कांप्लेक्स में भीषण अग्निकांड से तबाह हुए व्यापारियों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी गई। तमाम व्यापारियों ने बताया कि उनकी दुकानें जलकर पूरी तरह से राख हो चुकी है।जीवन भर की पूंजी दुकान में लगा दी थी जो अब खत्म हो गई। गंगापार अध्यक्ष राजेंद्र केसरवानी ने उन सभी 15 दुकानदारों को जिन की दुकानें पूरी तरीके से जल गई हैं उन्हें तत्काल मुआवजा देने की मांग की।उन्होंने कहा कि डीआईजी फायर ब्रिगेड और आपात सेवा जुगल किशोर ने घटनास्थल का निरीक्षण कर-के एक प्रकार से उल्टे व्यापारियों की ही गलती बताई। वह कह रहे हैं कि सारी वायरिंग बदल दें, फायर सिस्टम जो कि खराब पड़ा हुआ है उसको व्यापारी अपने पैसे से बनवाएं, जिनके यहां अग्निशमन उपकरण नहीं है उनकी बिजली काट दें।इस प्रकार व्यापारियों को साहस और सहायता करने की बजाय अपना फरमान सुना दिया। इससे व्यापारियों में नाराजगी है। लालू मित्तल ने अधिकारियों के इस वक्तव्य पर बहुत अफसोस प्रकट किया।

**फायर ब्रिगेड की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिह्न :** वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप केसरवानी ने फायर ब्रिगेड की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिह्न लगाया और फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के पास स्वयं भी अपनी सुरक्षा के लिए ना तो मास्क था ना ही जीवन रक्षक कोई जैकेट। महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी से व्यापारियों ने तत्काल जला हुआ मलवा हटाने की मांग की। लालू मित्तल ने महापौर के माध्यम से शासन से यह मांग की है कि व्यापारियों से फिलहाल अभी तुरंत उनके कागजात, इंश्योरेंस, लेजर इत्यादि ना मांगें। जिन व्यापारियों की दुकानें जलकर खाक हो गई हैं ,उन्हें आर्थिक मदद करें। बैठक में कादिर, रईस, आमिर, नदीम, यूसुफ, अब्दुल्ला, रामजी केसरवानी, हारून, शमीम, नौशाद, शहजादे, अभिषेक मित्तल, अनूप अग्रवाल, उपाध्यक्ष रमन, जयहिंद आदि रहे।

# डिप्टी सीएम ने मालीन बस्ती में पीएम आवास के लाभार्थी को सौंपी चाबी

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने रविवार को सर्किट हाउस में बैठक के बाद मलिन बस्ती-भीम नगर, नैनी पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), नगर निगम के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित श्याम लाल पुत्र स्व0 जोखईराम के यहां गृह प्रवेश कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तथा लाभार्थी के परिवार को मकान की चाभी सौंपी। उन्होंने लाभार्थी के परिवार के साथ सहभोज एवं मलिन बस्ती का भ्रमण किया। सहभोज में उपमुख्यमंत्री के साथ लाभार्थी, विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद व अन्य जनप्रतिनिधिगण सम्मिलित हुए। मीडिया बंधुओं से मुखातिब होते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने आज यहां पर प्रधानमंत्री आवास योजना का धरातलीय निरीक्षण किया है। उन्होंने बस्ती में बनाये गये प्रधानमंत्री आवास की प्रशंसा करते हुए कहा कि आवास की गुणवत्ता बहुत अच्छी है। सभी लाभार्थी अपने आवास से बहुत प्रसन्न है तथा उनकें द्वारा मुझसे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को घर का सपना साकार किए जाने हेतु आभार भी प्रकट किया गया उपमुख्यमंत्री ने लाभार्थी के परिवार द्वारा उत्साहपूर्वक कराये गये सहभोज व स्वागत के लिए धन्यवाद दिया उपमुख्यमंत्री ने बस्ती के सभी लोगो का अभिनंदन एवं आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मैं बस्ती के लोगो की तरफ से प्रधानमंत्री को पत्र के माध्यम से अवगत भी कराऊंगा कि सभी लाभार्थी आवास पाकर बहुत ही आह्लादित है एवं उनका अपने पक्के मकान का सपना पूरा हुआ है उपमुख्यमंत्री ने कालोनी का भ्रमण कर लोगो का हाल-चाल जाना एवं उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग, अपर नगर आयुक्त रत्नप्रिया, परियोजना अधिकारी वर्तिका सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री ने मलिन बस्ती-भीम नगर में प्रधानमंत्री आवास के गृह प्रवेश कार्यक्रम में हुए सम्मिलित, लाभार्थी के घर किया सहभोज




### न्यूज झरोखा

## गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार



**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती पुलिस बल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में मुखबिर की सटीक सूचना पाकर मौके पर पहुंची और गैंगस्टर एक में फरार चल रहे अभियुक्त व सहअभियुक्त को गौमांस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त अभियुक्त गंभीर धाराओं में कई वर्षों से फरार चल रहे था। उक्त अभयुक्तों की जामा तलाशी लेने पर अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किया गया। वांछित अभियुक्त मो0 इब्राहिम पुत्र मो0 हारून निवासी हटवा अहमदपुर असरौली थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज व सहअभियुक्त मो0 अफजाल पुत्र मो0 युनुस निवासी ग्राम रहीमपुर मौलानी थाना करारी जनपद कौशाम्बी को थाना पूरामुफ्ती पुलिस द्वारा दिनांक 02.04.2023 को मुखबिर की सटीक सूचना पर लाल बिहारा अंकुर हास्पिटल के निकट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 01 कुन्तल 20 किलोग्राम प्रतिबंधित गोमांस व अभियुक्त मो0 इब्राहिम के कब्जे से 01 अवैध तमंचा .315 बोर, 02 अवैध जिन्दा कारतूस व 01 सेन्ट्रो कार बरामद किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पूरामुफ्ती पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

## प्रयागराज की वैशाली , दीप्ति, आस्था हुई सम्मानित




**प्रयागराज।** वेदांता मिशन ऑफ इंडिया द्वारा पटना में संस्कृति भारत कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित प्रथम नृत्य महामहोत्सव में प्रयागराज की नृत्यांगना वैशाली नाथ, दीप्ति चौधरी , आस्था केसरवानी को शास्त्रीय नृत्य कथक के प्रस्तुति हेतु सम्मानित किया गया। संस्था के महासचिव सुनील कुमार सिंह ने सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया।प्रयागराज के युवा नृत्यांगनाओं को सम्मानित किये जाने पर देवेन्द्र शर्मा ( वसेरा ), सुनीता विश्वकर्मा, गोलू, आसुतोष, सिद्यार्थ शर्मा आदि ने बधाई दिया।

## विधान सभा सचिवालय की समिति में विधायक राजमणि कोल सदस्य निर्वाचित



**पसना।** कोरांव विधान सभा के जनप्रिय विधायक राजमणि कोल को विधान सभा सचिवालय की जारी अधिसूचना अनुसार 12दिसंबर 2022 को गठित अनुसूचित जातियों,अनुसूचित जनजातियों तथा विमुक्त जातियों संबंधी समिति में दिनांक 31मार्च 2023 से सदस्य के रूप में नाम निर्दिष्ट किया गया है। चूंकि प्रयागराज जिले की कोरांव विधानसभा अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है,ऐसे में क्षेत्रीय विधायक का समिति का सदस्य बनने पर इस क्षेत्र के अनुसूचित जातियों के कल्याण की उम्मीद जगी है ।इलाकाई भाजपा नेता बबुआन दुबे,रामाश्रय शुक्ल,किसान संघ के भोला सिंह,राजेश्वरी तिवारी,उच्च न्यायालय के स्टेंडिंग कौंसिल अनिल मिश्र,तुलसीदास राणा,अखंड पांडेय आदि ने विधायक को बधाई देते हुए अपनी खुशी जाहिर की है।

## एडवोकेट कुशलेष दुबे भाजपा जंघई मंडल महामंत्री नियुक्त



**जंघई।** भाजपा मंडल कार्यालय पर एक बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से एडवोकेट कुशलेष दुबे को जंघई मंडल का कार्यकारी महामंत्री बनाया गया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष जंघई संदीप गुप्ता तोगड़िया ने नवीन दायित्व को सौंपते हुए कुशलेष से पार्टी की नीति रीति को एवं सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने की अपेक्षा की। नवीन दायित्व मिलने पर कुशलेष दुबे को मनोज दुबे मंडल मंत्री, प्रमोद मिश्रा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष की उपस्थिति में माल्यार्पण कर शुभकामनाएं प्रदान की गई।

## स्काउट और गाइड प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

**प्रयागराज।** बाला प्रसाद महाविद्यालय बलरामपुर बरेठी प्रयागराज मे दिनांक 2 अप्रैल दिन रविवार को भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश प्रयागराज के तत्वाधान में पांच दिवसीय बी.एड. छात्राध्यापक /छात्राध्यापिकाओ का स्पेशल इंट्रोडक्टरी कोर्स प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाला प्रसाद महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ राज अतुल रहे मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम शुभारंभ से पहले सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किए । शिविर संचालक श्याम बाबू यादव जिला संगठन कमिश्नर जनपद कौशांबी ने मुख्य अतिथि को स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा राज अतुल ने कहा कि स्काउट गाइड ऐसी शिक्षा है जो बच्चों को शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास करता है और निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करने के लिए हमेशा समर्पित व तत्पर रहता है बी एड छात्राध्यापक/ छात्राध्यापिका ने स्काउट गाइड का इतिहास, नियम, प्रतिज्ञा, सिद्धांत, शिविर के नियम ,व ध्वज शिष्टाचार के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के संचालन बी एड विभागाध्यक्ष सुनील कुमार कुशवाहा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक वंदना कुशवाहा, सुरेंद्र प्रताप कुशवाहा व अंकिता सिंह प्रवक्ता उपस्थित रहे।

# दारोगा के बेटे पर चाकू से जिम कर्मचारी ने किया हमला

अखंड भारत संदेश



दो दिन पहले हुआ था विवाद, दो लोगो के खिलाफ हत्या की कोशिश की रिपोर्ट दर्ज

**नैनी।** कोतवाली इलाके में शनिवार की रात एक जिम सेंटर में वर्कआउट कर रहे दरोगा के शिक्षक बेटे पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। जिम में काम करने वाले युवक पर हमला करने का आरोप लगा है। घायल शिक्षक को पास के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज कराया गया। पीड़ित की तहरीर पर नैनी पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मेवालाल की बगिया, दाउद नगर में होटल इंडिया के सामने हेल्थ हब जिम सेंटर है। जहां पर हर वर्ग के लोग एक्सरसाइज करने जाते है। यही पर दुर्गेश पाठक (29) पुत्र शैलेंद्र पाठक निवासी गुरुनानक नगर गली नंबर 2, नैनी भी एक्सरसाइज करने जाता था। दुर्गेश मांडा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक है। उसके पिता शैलेंद्र पाठक उत्तर प्रदेश पुलिस में एसआई है। और वर्तमान में प्रतापगढ़ जनपद के मांधाता थाने में तैनात हैं। प्रतिदिन की तरह शनिवार को भी दुर्गेश जिम सेंटर में वर्कआउट कर रहा था। उसी समय वहां काम मारने वाला अजीत कुमार निवासी बेलवनीया, बेलहट, कोरांव और रवि सोनकर उसके पास गया और बिना कुछ बोले ही दुर्गेश पर चाकू से उसके कंधे गले और सीने पर ताबड़तोड़ वार करने लगा। अचानक से चाकूबाजी शुरू होने से दुर्गेश पाठक घबरा गया और वर्कआउट करते करते ही वह वहीं गिर गया इस दौरान उसके सीने में एक चाकू लग गई जिससे वह लहूलुहान हो गया। गले में भी चाकू लगी है।

**शोर मचाने में ट्रेनर ने बचाया :** दुर्गेश ने शोर मचाया तो जिम में मौजूद ट्रेनर और अन्य लड़को ने अजीत को पकड़ लिया। लेकिन अजीत सभी को धक्का देकर वहां से भाग निकला। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने दुर्गेश का पहले मेवालाल की बगिया स्थित एक हॉस्पिटल में इलाज कराया। पुलिस भी सूचना पर पहुंच गई और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चाका भेजा गया। दुर्गेश ने नैनी पुलिस को अजीत व अर्जुन सोनकर निवासी सरायख्वाजा जौनपुर के खिलाफ जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किए जाने की तहरीर दी है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

## नैनी की पुलिस ने चोरी के दो अलग अलग दर्ज मुकदमे का किया खुलासा

**नैनी।** पुलिस ने चोरी के दो अलग आरोप मुकदमे से जुड़े आरोपियों को गिरफ्तार कर सम्बन्धित चोरी के सामान को बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक नैनी बृजेश सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने थाने में दर्ज दो चोरी के मुकदमे का खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार को वादी सुरेन्द्र बरगढ़ चित्रकूट ने स्वयं की एक जैक व 10 लीटर डीजल चोरी हों जाने की तहरीर पुलिस को दी तहरीर की जांच पर थाने में 160/23धारा 379 में मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश में पुलिस जुटी।घटना की जांच व आरोपी की तलाश में लगे थाना नैनी के उप निरीक्षक उमाशंकर ने प्रकाश में आये आरोपी मो0 युसुफ पुत्र मो0 सिद्दकी जेलरोड जमीर नगर नैनी को सस्ता मार्ट चौराहे से गिरफ्तार कर लिया वही उसके कब्जे से चोरी के एक जैक व 10 लीटर डीजल आदि पुलिस ने बरामद किए।इसी क्रम में थाना नैनी के उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह यादव द्वारा ऑनलाइन 438/22 धारा 379 से जुड़े मुकदमे का सफल किया गया उन्होंने मोबाइल चोरी से जुड़े आरोपी पवन विश्वकर्मा पुत्र केशव कीडगंज प्रयागराज को लगातार प्रयास के बाद आज मलहरा फाटक से गिरफ्तार करने में सफल हुए। वही पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के रेडमी नोट 07 प्रो रंग काला बरामद करते हुए उसके विरुद्ध आगे की कानूनी कार्यवाही पूरी की।

# त्रिवेणी पुष्प में झूला झूलने के दौरान गिरा जर्जर गेट, मासूम की मौत

### भाई व दोस्तों संग पतंग लूटने घर से निकला था मासूम



**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के अरैल स्थित त्रिवेणी पुष्प परिषर में गेट पकड़कर झूला झूल रहे मासूम पर जर्जर गेट गिर गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने गेट में दबे खून से लतपथ मासूम को कई नजदीकी हॉस्पिटल ले गए, जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की सूचना पर उसके घर में मातम छा गया।

नैनी के अरैल निषाद बस्ती में रहने वाला आदिल निषाद 11 पुत्र स्व. रविशंकर उर्फ रसगुल्ला अपने बड़े भाई वंश व मोहल्ले के अन्य बच्चों के साथ पतंग लूटने के लिए घर से त्रिवेणी पुष्प की ओर गया था। पतंग लूटने के बाद आदिल, वंश और मोहल्ले के अन्य बच्चों ,सभी की उम्र 8 से 11 वर्ष के बीच, के साथ त्रिवेणी पुष्प परिषर में बनाए गए चारों धामों के प्रारूप में से एक मंदिर में लगे भारी भरकम लोहे के गेट को पकड़ कर उससे झूला झूलने लगा। गेट की कुंडी जर्जर होने की वजह से गेट कुंडे से निकल की नीचे गिर गया।जिसमें आदिल दब गया। उसके साथ खेल रहे बच्चे डर कर भाग गए। आदिल के भाई वंश ने घर जाकर घटना की जानकारी परिजनो को दी। सभी मौके पर पहुंचे, लेकिन तबतक लगभग एक कुंतल से अधिक भारी गेट में आधे घंटे तक दबे रहने के कारण आदिल के सिर की हड्डी टूट गई और उसके शरीर से काफी खून बह चुका था। आदिल के चाचा गौतम निषाद उसे नजदीकी अस्पताल ले गए, लेकिन तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। आदिल प्राथमिक विद्यालय अरैल में कक्षा पांच में पढ़ाई करता था। वह वंश और बहन आराधना से छोटा था। उसके शव को देर शाम दफना दिया गया।

# पति पत्नी के विवाद के बाद पति की संदिग्ध मौत पत्नी सहित मयके के चार लोग नामजद

अखंड भारत संदेश

### मऊआइमा के रसूलपुर छीमीताल में देर रात हुई घटना , शव रविवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, पत्नी हिरासत में





म्रतक बच्चूलाल की फाइल फोटो तथा मृतक की पत्नी रूबी उर्फ चंदा

**मऊआइमा।** पत्नी पत्नी के बीच हुए झगड़े में जब भाईयों ने दखल दिया तो पत्नी अपने मयके के लोगों को बुलवाकर जम कर पिटवाया तथा पति सहित उसके भाईयों को थाने में बंद करा दिया।समझौता के बाद सभी को छोड दिया गया। घर पहुंचने के पूर्व पति की संदिग्ध मौत हो गई।तो पत्नी और उसके मयके वाले भाग गए। मृतक के भाई ने उसकी पत्नी सहित मयके के चार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के रसूलपुर छीमीताल गांव निवासी बच्चू लाल 34 वर्ष पुत्र स्वर्गीय महादेव हरिजन पांच भाईयों में दूसरे नम्बर पर था। वह परिवार से अलग रहता था।बताया गया है कि बच्चू लाल की शादी दशक पूर्व बहरिया थाना क्षेत्र के ग्राम गौहनिया निवासी सन्त लाल कि पुत्री रूबी उर्फ चंदा देवी के साथ हुई थी। जिससे दो पुत्र अविनाश 5 वर्ष एंव अभिषेक 2 वर्ष है। बताते हैं कि बच्चू लाल नशेड़ी था जो मेहनत मजदूरी करता था । उसे नशे में उडा देता था। जिससे प्राय: घर में भोजन को लेकर पति पत्नी के बीच रार मचा रहता था। बताया गया है कि शनिवार को पति पत्नी के बीच हुए झगड़े को लेकर रूबी उर्फ चन्दा देवी अपने मयके से पिता भाईयों को बुला लिया। मयके वालों पर आरोप है कि वह बच्चू लाल को जमकर पीटे बच्चू लाल के भाईयों ने दखल दी तो उन्हें पुलिस को सूचना देकर दामाद बच्चू लाल,उसके भाई लवकुश,चचेरे भाई दीपक को थाने में बंद करा दिए। बाद में समझौता के बाद शनिवार को देर शाम को छोड दिया गया। परिजनों ने बताया कि घर पहुंचने से पूर्व बच्चू लाल की रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर एम्बुलेंस सी एच सी ले गयी जहां डाक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी। जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया। और मृतक बच्चू लाल की पत्नी रूबी उर्फ चंदा अपने भाईयों ,पिता के साथ मयके भाग गयी। रविवार को मृतक के भाई विनोद कुमार ने मृतक भाई की पत्नी रुबी उर्फ चंदा देवी, उसके पिता सन्त लाल, रुबी उर्फ चंदा देवी के भाई संजय और रूबी के बहनोई ,दूधनाथ झूंसी के मोहल्ला बदरासुनौटी के खिलाफ गाली गलौज करने मार पीट करने से मौत होने का आरोप लगाते हुए गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया ।पुलिस पत्नी रूबी उर्फ चंदा देवी को गिरफ्तार कर हिरासत में ले लिया है। पुलिस मृतक के शव को रविवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर मृतक की पत्नी रूबी उर्फ चंदा देवी का आरोप है कि उसके भाईयों ने मजदूरी का पैसा ले लेते थे। बदले में शराब पीलाते थे। मारते पीटते थे। जबकि ग्रामीणों का कहना है कि थाने से छूटने पर बच्चू लाल अपने साथियों के साथ ग्राम विश्मभरपुर दारू पीकर कर जब आ रहा था तो रास्ते में गिर कर खत्म हो गया। परिजनो का आरोप है कि पुलिस की पिटाई से बच्चूलाल की मौत हुई उधर मृतक के भाई लवकुश माता राज कुमारी सहित परिजनों का आरोप है कि जब उन लोगों को पुलिस पकड कर ले गयी तो थाने में जमकर पटटों से मारा पीटा था। पुलिस की पीटाई से बच्चूलाल की मौत हुई है। इंस्पेक्टर मऊआइमा सुरेश सिंह ने मार पीट की बातों को झूठा करार देकर बताया कि दोनों पक्ष समझौता करके थाने से गए थे। साथ में ग्रामीण भी थे। इंस्पेक्टर ने यह भी बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ,इंस्पेक्टर ने यह भी बताया कि मृतक की पत्नी ने भी तहरीर दी है जांच के पश्चात मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा। फिलहाल बच्चू लाल की रहस्यमय संदिग्ध मौत के बारे में ग्रामीणों ने बता कि तीन दिनों से बच्चू लाल कुछ खाया नहीं था निरंतर दारू पी रहा था। चर्चा यह भी है कि मृतक कि पत्नी का उसके सगे बहनोई से गलत रिश्ता था। बहरहाल पोस्टमार्टम के बाद सच्चाई सामने आएगी।

## सड़क हादसे में साइकिल सवार की मौत

नैनी कोतवाली क्षेत्र के मड़ौका इलाके में शनिवार रात 11 बजे एक अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसआई एग्रीकल्चर विपिन कुमार पाल ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 32 वर्ष है। मृतक साइकिल से कहीं जा रहा था। किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। पहचान नही हो सकी है।

**फोन पर मिल रही धमकी से ग्राम प्रधान ने कराया एफ आई आर : सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत ग्राम सभा बभनकुईयां के ग्राम प्रधान अशोक कुमार पुत्र अमरजीत ने गांव के ही रविंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय विपत के खिलाफ थाने में जाकर लिखित तहरीर देकर फोन पर मिल रही धमकी से नामजद प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस संबंध में ग्राम प्रधान अशोक कुमार का कहना है कि विगत 14 जनवरी को भी इनके ऊपर जानलेवा हमला हुआ था। जिसमें ग्राम प्रधान द्वारा एनसीआर अज्ञात में दर्ज कराई गई थी। परन्तु अब आरोप है कि शनिवार को अशोक कुमार के मोबाइल पर फोन करके रविन्द्र कुमार ने धमकी दिया। जिससे डरे सहमे ग्राम प्रधान अशोक कुमार ने दो अप्रैल रविवार को थाने में जाकर रविन्द्र कुमार के खिलाफ नामजद प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कराई।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना संग्रामगढ़ उप निरीक्षक राजीव वर्मा अपने हमराही के साथ क्षेत्र भ्रमण व तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर स्थानीय थाना में पंजीकृत मु0अ0सं0 144/2022 धारा 409,120बी भादवि व 3/7 आवश्यक वस्तु अधि0 व धारा 12 भ्रष्टाचार निवारण अधि0से संबंधित अभियुक्त लालचन्द्र कोरी पुत्र रामपाल कोरी निवासी गुलनार थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के गोदाही चैराहे के पास से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेजा पुलिस की इस कारवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

# प्रभु श्री राम के बिना सनातन धर्म पूर्ण नहीं: धमाचार्य

### दो दिवसीय कथा का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जगदीशपुर में जगदीश धाम पर भगवान मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम का जन्मोत्सव दो दिवसीय कथा के माध्यम से धूमधाम से मनाया गया। उक्त अवसर पर धमार्चार्य ओमप्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम सनातन धर्म के परम पूज्य है।

उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम के बिना सनातन धर्म पूर्ण ही नहीं हो सकता है। पूर्व काल में गोमती नदी के पावन तट पर स्थित अष्टम भू बैकुंठ नैमिषारण्य में महाराज मनु और शतरूपा को अपने दिए हुए वचन को पूर्ण करने के लिए प्रभु श्री राम त्रेतायुग में जब महाराज मनु दशरथ एवं शतरुपा जी कौशल्या बनकर आई तो आपके यहां अवतार



श्रीराम की कथा का वर्णन करते धमार्चार्य ओम प्रकाश पाण्डेय।

लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेंद्र प्रसाद मौर्य विधायक सदर पंडित नंदलाल उपाध्याय मानस मर्मज्ञ गोस्वामी तुलसीदास अखाड़ा संकट मोचन मंदिर वाराणसी आचार्य पंडित दयानंद शुक्ला डॉ अरविंद जी डॉ शक्ति कुमार पांडे कविवर सुनील प्रभाकर कथा व्यास परम वैष्णव संजय सरन शांडिल्य कृपा पात्र स्वामी टीक माचार्य महराज रायपुर ओमप्रकाश सिंह पूर्व प्राचार्य राकेश प्रधानाचार्य अनिल त्रिपाठी प्रवात डॉ अनूप पांडे लक्ष्मीकांत मिश्रा प्रधान शिवम पांडे सहित जनपद के अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं महिलाएं उपस्थित रहे। अंत में कार्यक्रम के आयोजक श्री कांत पांडे पीठाधीश्वर जगदीश धाम ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# न्यू एंजिल्स के नन्हे-मुन्नो बच्चों ने मचाया धमाल

### ग्रेजुएशन-डे प्रोग्राम का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** न्यू एन्जिल्स के प्री प्राइमरी के छात्र एवं छात्राओं की प्रगति और विकास का जश्न मनाने के लिए न्यू एन्जिल्स सी. से. स्कूल ने ग्रेजुएशन डे मनाया और सत्र 2022-2023 में नन्हे मुन्ने बच्चों के अतुलनीय प्रदर्शन के लिए उनकी सराहना की।

नन्हे-मुन्नों ने अपने विभिन्न सांसकृतिक कार्यक्रमों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इतना ही नहीं, पूरे वर्ष होने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डालने वाली एक माहवार स्कूल रिपोर्ट भी दर्शकों के साथ साझा की गई। इसके बाद छोटे बच्चों को ग्रेजुएशन गाउन एण्ड कैप में स्नातक प्रमाण पत्र का वितरण किया गया और साथ ही छोटे बच्चों को उनकी ताकत का वर्णन




गैजुएशन डे प्रोग्राम में मौजूद प्रबंधिका डा शाहिदा व नन्हे-मुन्ने बच्चे।

करने वाले अद्वितीय खिताब के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन नन्हें मुन्ने बच्चों और उनके माता-पिता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

जिन्होंने प्रबंधन, प्रधानाचार्य और शिक्षकों के प्रति आभार और प्रशंसा व्यक्त की। यह वास्तव में छोटे बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव था। धन्य हैं हमारे बच्चे, उनके माता पिता उनके गुरु जिन्होंने एक दूसरे के साथ मिलकर सत्र को सफलता पूर्वक समापन तक पहुँचाया। कार्यक्रम का समापन करते हुए प्रबन्धिका डॉ शाहिदा ने नन्हे मुन्ने बच्चों को, उनके माता पिता और गुरुजनो को अपना शुभाषीश प्रदान किया।

# स्कूल के बगल एक्सप्रेस वे एजेन्सी ने खोदा गडढ़ा, ग्रामीणों में आक्रोश

### शिकायत पर मौके पर पहुंचे एसडीएम ने भी जतायी नाराजगी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण में लगी कार्यदायी संस्था नौनिहालों के भविष्य को भी जोखिम में डालने से बाज नहीं आयी है। लालगंज तहसील के रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक के पूरे छत्तू गांव में कार्यदायी संस्था द्वारा गांव के प्राथमिक विद्यालय के समीप ही जोखिम भरा गड्ढ़ा खोदकर मिट्टी एक्सप्रेसवे पर डलवा दिया। सरकारी स्कूल के साथ ही साथ बगल में ही गांव से आने जाने का सार्वजनिक रास्ता भी है।

एक्सप्रेसवे द्वारा तालाब की आड़ में मिट्टी निकालने से बने गडढ़े में किसी भी समय छोटे छोटे बच्चे या राहगीर गिर सकते



पूरे छत्तू गांव में स्कूल के बगल गडढ़ा खोदने में लगी जेसीबी।

है। विद्यालय के बगल आठ मीटर का काफी गहरा गड्ढ़ा देख ग्रामीणों में आक्रोश पनप उठा। जेसीबी से दिन रात कार्यदायी संस्था के द्वारा विद्यालय के बगल से गडढ़ा बनाकर मिट्टी खोदने को लेकर ग्रामीणों ने आपत्ति जतायी। इसके बावजूद निर्माण में लगी एजेन्सी के कान में जू नहीं रेंग सका। तब गुस्साएं ग्रामीणों ने एसडीएम से मिलकर उन्हें शिकायती पत्र सौंपा। गांव में लोगों का आक्रोश देख एसडीएम लालगंज उदयभान सिंह शनिवार की देर शाम विद्यालय पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने एसडीएम को कार्यदायी संस्था की करतूत की जानकारी दी। विद्यालय के ठीक समीप नौनिहालों के लिए जोखिम भरा गडढ़ा देख एसडीएम भी सकते में आ गये। एसडीएम ने कार्यदायी संस्था को कर्रा करते हुए वहां से जेसीबी हटवाया। एसडीएम ने सख्त लहजे में कार्यदायी संस्था को विद्यालय के बगल खुदवाये गये गडढ़े को पूरी तरह समतल कराए जाने के कड़े निर्देश दिए। एसडीएम ने आक्रोशित ग्रामीणों को नौनिहालों की सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए इस मामले में जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही का भी आश्वासन दिया। गांव के अरूण पाण्डेय, कमलेश नारायण त्रिपाठी, रामगनेश पाण्डेय आदि ने एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण के नाम पर बरती जा रही अनियमितताओं की जांच कराए जाने की मांग भी उठायी है।

## मोना ने जांच के लिए डीएम को लिखा पत्र

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय के समीप एक्सप्रेसवे निर्माण एजेन्सी द्वारा गड्ढ़ा खोदकर मिट्टी निकालने के अविवेकपूर्ण कदम पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी कड़ी नाराजगी जतायी है। ग्रामीणों द्वारा विधायक को फोन पर बताया गया कि पूरे छत्तू गांव से लगभग 15 किलोमीटर दूर गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए एजेन्सी द्वारा मिट्टी के खुदाई का स्कूल के बगल गडढ़ा बना दिया गया है।

विधायक मोना ने मानक के विपरीत प्राथमिक विद्यालय के समीप मिट्टी निकालकर गडढ़े को लेकर डीएम को कार्यवाही के लिए पत्र लिखा है। विधायक मोना ने डीएम को लिखे पत्र में कहा है कि बरसात में गडढ़े में जल भराव तथा ठीक बगल बिजली के खम्भे होने से कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। पत्र में उन्होंने निर्वाचन क्षेत्र वीरसिंहपुर गांव में भी एक्सप्रेसवे के निर्माण के नाम पर एजेन्सी द्वारा मानक के विपरीत मिट्टी खुदाई पर भी नाराजगी जताते हुए दोनों गांवों में मनमानी मिट्टी निकालने के प्रकरण की जांच कराए जाने को कहा है। विधायक के पत्र लिखे जाने की जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत किया गया है।

## तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट तथा गाली गालौज व तोड़फोड़ के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ क्रास केस दर्ज किया है। लालगंज के मनुहार निवासी जगदीश सिंह के पुत्र शिवप्रताप सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती अट्ठाइस मार्च को गांव के उदयभान सिंह के पुत्र रवि तथा लल्लन के पुत्र सुनील सिंह व रामबरन सिंह ने रंजिशन उसके दरवाजे पर चढ़कर मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपियों ने गाली देते हुए दरवाजे पर खड़ी बाइक तोड़कर नष्ट कर दिया। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शनिवार की रात रवि समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## बाइक चोरी की बढ़ रही घटनाएं, एक मामले में केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाइक चोरी की इधर घटनाओं में फिर बढ़ोत्तरी होने से लोग भयभीत देखे जा रहे हैं। बेलहा गांव के सुनील सिंह पुत्र सत्यदेव सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती ग्यारह जनवरी को गांव से उसकी बाइक अज्ञात चोर ले उड़े। पुलिस ने सूचना के बावजूद केस नहीं दर्ज किया। तो पीड़ित ने अफसरों से गुहार लगाई। सीओ की फटकार पर शनिवार की रात पुलिस ने बाइक चोरी की घटना दर्ज की। इसी तरह जेठवारा थाना के पूरे छेदी गांव निवासी गोपाल शरण शुक्ल ग्यारह मार्च को रानीगंज कैथौला के एक मैरिज हाल में शादी समारोह में गए थे। वहां से देर रात उनकी भी बाइक चोर ले उड़े। तहसील परिसर से भी इधर कुछ माह में वादकारियों की बाइक चोरी की घटनाएं प्रकाश में आयी हैं। शनिवार को समाधान दिवस में अधिवक्ताओं ने दो पहिया वाहनों के चोरी की वारदात में बढ़ोत्तरी पर चिन्ता जताते हुए वाहन पार्किंग की मांग को लेकर डीएम को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा है।

## सत्यापन कर एसडीएम ने लिया औचक जायजा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सरकारी खाद्यान्न की दुकान में अनियमितता की शिकायत को लेकर रविवार को जांच प्रक्रिया की औचक जानकारी लेने एसडीएम अचानक आ धमके। प्राथमिक विद्यालय पर अचानक एसडीएम के पहुंचने से हड़कम्प मच गया। लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के लीलापुर गांव की प्रधान प्रिया सिंह ने गांव के सरकारी गल्ले की दुकान में अनियमितता को लेकर एसडीएम से शिकायत की थी। इस पर एसडीएम के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक ने चैदह मार्च को कोटेदार की मौजूदगी में दुकान पर शिकायत की जांच की थी। पूर्ति निरीक्षक ने 122 कार्डधारकों का बयान दर्ज किया था। इस मामले में रविवार को गांव के पंचायत भवन पर पूर्ति निरीक्षक राज यादव की मौजूदगी में बयानों का सत्यापन कराया जा रहा था। अचानक एसडीएम लालगंज उदयभान सिंह भी वहां पहुंचे और सत्यापन कार्यवाही का जायजा लिया। एसडीएम के अचानक पंचायत भवन पहुंचने से हड़कम्प का माहौल भी देखा गया।

## छेडखानी के प्रयास का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना पट्टी के उ0नि0 वारिज मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 99/2023 धारा 354(क),506,307 भादवि से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त संतोष वर्मा पुत्र रामदुलारे निवासी ग्राम पूरेवंशीधर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

## तीन वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जनपद के थाना दिलीपपुर के थानाध्यक्ष राधेश्याम मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 463/18 धारा 307,308,323,504,506 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त निजामुद्दीन उर्फ जुम्मन पुत्र इसहाक नि0 ग्रा0 यहियापुर थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। उधर जनपद के थाना रानीगंज के उ0नि0 रोहित कुमार यादव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर वारण्टी अभियुक्त महेश चैरसिया उर्फ गुल्लू पुत्र लालाराम निवासी ग्रा0 राजापुर महोथरी थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के चिरकुट्टी चैराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। उधर जनपद के थाना कन्धई के उ0नि0 राहुल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0नं0 1506/2013 धारा 138 एनआई एक्ट से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त अमर बहादुर पुत्र रामलाल नि0ग्राम सरसीखान थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

## महेशगंज क्षेत्र में युवक ने फांसी लगाकर दी जान, कोहराम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के डिहवा जलालपुर निवासी अंकित पटेल (23) पुत्र विजय बहादुर अपने माता-पिता की अकेले बेटा था। शनिवार की रात करीब 10 बजे वह घर से शौच करने की बात कहते बाहर निकला। जब काफी देर तक वापस नहीं आया तो परिजन उसे ढूंढने लगे तभी गांव की एक महिला ने आकर बताया अंकित ने गांव के पास आम की बाग में फांसी लगा ली है। परिजन मौके पर पहुंचे और फाँसी से उतारकर अंकित को लेकर सीएचसी कुंडा पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया जिस पर मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर महेशगंज थाने के एसआई हेमन्त वर्मा मौके पर पहुँचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक की तीन बहने हैं वह अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था। मृतक ने फांसी क्यों लगाई इस बाबत परिजन कुछ बोलने को तैयार नहीं। परिवार के



अंकित पटेल (फाइल फोटो)।

लोगों ने बताया की मृतक की एक महिला से उसकी बात होती थी। घरवाले उससे बिगड़ते थे इसी बात से नाराज होकर उसने फांसी लगाई।

## आज आएंगे डिप्टी सीएम बृजेष पाठक

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक अब तीन अप्रैल को प्रतापगढ़ आ रहे हैं। वह इस बार प्रयागराज होकर सड़क मार्ग से प्रतापगढ़ आएंगे। बता दें कि उनका कार्यक्रम में 31 मार्च को हेलीकाप्टर से प्रतापगढ़ आने का था लेकिन सुबह से ही तेज वर्षा होने के कारण हेलीकाप्टर नहीं आ सका और कार्यक्रम निरस्त हो गया था। अब तीन अप्रैल को उप मुख्यमंत्री प्रयागराज होकर यहां पूर्वान्ह में साढे. ग्यारह बजे आएंगे। उनका कार्यक्रम आ गया है। उप मुख्यमंत्री के सड़क मार्ग से आने को लेकर अब तैयारी की जा रही है।

## हॉस्पिटल के तत्वावधान में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित, ग्रामीणों की मुफ्त में हुई जांच बांटी गई दवाइयां

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आज बाबा बेलखरनाथ धाम के गांव बशीरपुर में निवर्तमान ग्राम प्रधानपति गुड्डू शुक्ला के आवास पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। हॉस्पिटल के प्रशिक्षित डॉक्टरों द्वारा लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हे उचित परामर्श व मुफ्त दवाएं प्रदान की गई।

आयोजक निवर्तमान प्रधान पति गुड्डू शुक्ला ने बताया कि मानव कल्याण हर व्यक्ति के जीवन का परम उद्देश्य होना चाहिए खासतौर पर चिकित्सा क्षेत्र



चिकित्सा शिविर में मरीजों को बांटी जाती दवाईयां।

से जुड़े लोगों के लिए यह अति आवश्यक है। शिविर के आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद रोगी बेहतर इलाज से वंचित न रहें उनको समय पर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो व गांव के लोग गंभीर बीमारियों से बचाव व अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। शिविर में डॉ वी राजन डॉ विजय विक्रम सिंह डॉ रुचि सिंह द्वारा ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, थायराइड गंठिया रोग स्त्री रोग और नेत्र जांच निशुल्क की गई इस चिकित्सा शिविर में सैकड़ों की तादाद में लोगों ने शामिल होकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। चिकित्सा शिविर सुबह 10 बजे से दिन के 2 बजे तक चला। शिविर में फार्मासिस्ट गुरु सिंह लैब टेक्नीशियन रवींद्र विक्रम सिंह अंशिका शुक्ला रुचि सिंह उमा भारती सत्येंद्र मौर्या ग्राम प्रधान रामजी सरोज अनिल पांडेय अजय यादव प्रदीप श्रीवास्तव बबलू विश्वकर्मा शिवम शुक्ला प्रवीण मिश्र भानू सरोज सुभाष मिश्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



कुश्ती का मेडल जीतने वाली बबिता वर्मा।

## कुश्ती का मेडल जीतने वाली बबिता का हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** गोरखपुर में आयोजित अण्डर-15 स्टेट चैम्पियनषिप में प्रतापगढ़ की बबिता वर्मा ने पूरे प्रदेश में 33 किलो भार वर्ग में रजत पदक जीत कर जिले का नाम रोषन किया। बबिता कुष्ती कोच अंकित तिवारी की देखरेख में प्रतापगढ़ में ही अभ्यास कर रही हैं। बबिता ने इस उपलब्धि का श्रेय कुष्ती कोच अंकित तिवारी को दिया है। इस मौके पर युवा क्रांति के संस्थापक अखिलेष मिश्रा, संरक्षक अच्युतानंद पाण्डेय, संरक्षक सुशील शुक्ला, राष्ट्रीय पहलवान गौरव सिंह, कुष्ती जिला सचिव जय बहादुर सिंह, राम शर्मा पहलवान, अश्विनी सिंह, विकास यादव आदि ने सम्मानित कर उसे शुभकामनाएं दी।

# अवैध शराब के कारोबार पर नहीं लग पा रहा है अंकुश

### लालगंज के जेवई व अगई में कई दशक से धधक रही भट्टियां

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले में कच्ची शराब के कारोबार की चर्चा हो तो जेवई का नाम लिए बगैर लोग रह नही सकते है। इस गांव में यह अवैध कारोबार पुश्तैनी हो चुका है।यहां पर कई दशक से पीढ़ी दर पीढ़ी लोग इसी व्यापार में लगे हुए है। प्रशासन भी इस गांव से दूरी बनाए रखता है। कभी उच्चाधिकारियों का दबाव बना तो स्थानीय प्रशासन कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति करता है।

स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रानीगंज कैथौला का एक गांव जेवई है। यहां पर कच्ची शराब का कारोबार कई दशक से होता चला आ रहा है। या फिर यह कह लीजिए की गांव वालों के लिए यह शराब का अवैध कारोबार पुश्तैनी बन चुका है। इस गांव में प्रशासन भी दस्तक देने से बचता है। कभी उच्चाधिकारियों का दबाव बना तो कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति की जाती है। कई दशक से धधक रही भट्टियों को आज तक न तो विभाग बुझा सका और न ही पुलिस। यही हाल इसी क्षेत्र के अगई गांव का है। जहां पर अवैध शराब के कारोबार पर प्रशासन अंकुश लगाने में नाकाम दिखाई देता है। गांव में शाम होते ही शराबियो का मजमा लगने लगता है। इस वजह से क्षेत्र के लोगो पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इस संबंध में आबकारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया की जानकारी होने पर दोनो गावो में दबिश देकर कार्रवाई की जाती है।

### छापेमारी के दौरान कई बार बैक फुट पर दिखा प्रशासन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जेवई में छापेमारी के दौरान कई बार ग्रामीणों से मुकाबला भी हुआ है, जिसमे प्रशासन को अपनी जान बचाकर भागना पड़ा है।लगभग तीन दशक पहले रानीगंज कैथौला चैकी प्रभारी रहे गणेश को उस समय गांव से भागना पड़ा था जब छापेमारी के दौरान एक महिला की मौत हो गई थी। यही हाल लगभग डेढ़ दशक पहले जेवई में पुलिस व आबकारी की संयुक टीम ने छापेमारी की थी। उस समय भी ग्रामीणों के मोर्चा थामते ही फिर प्रशासन बैक फुट पर दिखाई दिया था। इसी दौरान पूर्व प्रधान की पत्नी की मौत हो गई थी। गांव के लोगो ने दोनो घटनाओं में प्रशासन को ही दोषी ठहराया था।

## खबर संक्षेप

### नगर निकायों की वार्डवार ड्रॉफ्ट निर्वाचक नामावली का किया गया अन्तिम प्रकाशन

#### आमजन निर्वाचक नामावली का करे निःशुल्क निरीक्षण

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी(न.नि.) ने नगर पालिका परिषद भरवारी व मंझनपुर तथा नगर पंचायत सिराथू, दारानगर-कड़ाधाम, पूरब-पश्चिम शरीरा, करारी, अझुवा, सराय अकिल, चायल एवं चरवा के निवासियां को सूचित किया है कि नगर निकायों की वार्डवार ड्रॉफ्ट निर्वाचक नामावली का 01 अप्रैल 2023 को अन्तिम प्रकाशन कर दिया गया है। निर्वाचक नामावली आम लोगों के निःशुल्क निरीक्षण के लिए कार्यालय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, कार्यालय सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, जिला निर्वाचन कार्यालय पंचायत व नगरीय निकाय) एवं सम्बन्धित मतदान केन्द्र/बीएलओ के पास उपलब्ध है।

# रिद्धि सिद्धि स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का हुआ भव्य उद्घाटन समारोह

## चेयरमैन रिद्धि-सिद्धि ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन निवर्तमान विधायक संजय कुमार गुप्ता की हृदय कर्णिका पुत्रियां रिद्धि सिद्धि के कर कमलों द्वारा हुआ उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित कौशांबी प्रेसिडेंसी स्कूल एंड कॉलेज में दिनांक 2 अप्रैल को रिद्धि सिद्धि स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ जिसका उद्घाटन चेयरमैन रिद्धि-सिद्धि ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन निवर्तमान विधायक संजय कुमार गुप्ता की हृदय कर्णिका पुत्रियां रिद्धि सिद्धि के कर कमलों द्वारा हुआ उद्घाटन समारोह के इस महान पर्व पर केपीएस संस्थान के समस्त अभिभावकों ने भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और बच्चों के अंदर उत्साह का समुद्र हिलोरे मार रहा था अभिभावकों द्वारा इस भव्य हाल की भव्यता की भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही थी कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना के सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई और सबसे महत्वपूर्ण इंस्ट्रुमेंटल आरती और मोटिवेशनल सॉन्ग रहा जिसमें वाद्य यंत्रों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया साथ साथ छात्र छात्राओं ने फोक डांस के माध्यम से विभिन्न राज्यों का अवलोकन भी मंच के माध्यम से



उपस्थित भीड़ को संबोधित करते पूर्व विधायक संजय गुप्ता

कराया स्पोर्ट्स कांप्लेक्स की स्थापना का मुख्य उद्देश्य बच्चों के मानसिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास को विकसित करना है संस्थान के चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता ने अपने अभिभाषण के दौरान कहा कि यह स्पोर्ट्स कांप्लेक्स कौशांबी जिले के लिए 1 मील का पत्थर साबित होगा इस इंडोर स्टेडियम में मुख्य तौर पर बैडमिंटन, खो-खो, चैस, लूडो, कैरम, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, जिमनास्टिक, कबड्डी, लॉन टेनिस, टेबल टेनिस, बॉक्सिंग तथा स्पोर्ट्स का आयोजन होगा.. श्री गुप्ता ने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जो किसी भी परिवार समाज और देश को विकसित कर सकता है एक स्वस्थ मनुष्य के अंदर ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है सबसे पहले हमें अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना है मैं रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के सभी संस्थानों में इस विद्या को संचालित कर रहा हूं जो निश्चित तौर पर छात्र छात्राओं के लिए वरदान साबित होगा। स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के उद्घाटन समारोह के साथ-सथ साथ ही साथ रिजल्ट वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित हुआ जिसमें मेरिटोरियस छात्र छात्राओं को मंच के माध्यम से पुरस्कृत किया गया नर्सरी ए से प्रथम रैंक अविरल द्वितीय रैंक तन्मय सिंह तृतीय रैंक आराध्या सिंह को दिया गया, नर्सरी इ सेक्शन से अरनव प्रजापति को प्रथम रैंक, विवान पांडे को द्वितीय तथा मोहम्मद नावेद को तृतीय स्थान प्राप्त हुई, जूनियर केजी से आध्या कसेरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया मोहम्मद अयान ने द्वितीय तथा रिद्धिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, वहीं सीनियर केजी से फर्स्ट रैंक याशिता केसरवानी द्वितीय स्थान आद्विक तिवारी तृतीय स्थान नैतिक केसरवानी सीनियर केजी बी से फर्स्ट प्रथम ह्मदा रजा खान द्वितीय स्थान शाश्वत केसरवानी तृतीय स्थान रेयांश केसरवानी ने प्राप्त किया वही फर्स्ट ए से प्रथम स्थान सिवान सिंह द्वितीय स्थान आराध्या यादव तृतीय स्थान संचित केसरवानी ,फर्स्ट बी से फर्स्ट स्थान मानवी केसरवानी द्वितीय स्थान कृति तृतीय स्थान प्रिंसेस समानता ने प्राप्त किया ,सेकंड ए से प्रथम स्थान सुरेश पटेल सेकंड स्थान पूर्वा थर्ड स्थान जयस केसरवानी ने प्राप्त किया वहीं सेकंड इ में प्रथम स्थान अथर्व केसरवानी ,सेकंड स्थान पुष्कर केसरवानी, तृतीय स्थान मयंक पाल 3 अ से फर्स्ट लक्ष्य शुक्ला आकांक्षा केसरी तृतीय स्थान प्रतिष्ठा केसरवानी , मृगनका केसरवानी एवं अंशिका सरोज ने सामूहिक रूप से प्राप्त किया थर्ड बी से प्रथम लायरा फातिमा द्वितय आराध्या केसरवानी तृतीय अंश सिंह 4इँ अ प्रथम अमरेंद्र सिंह द्वितय यशार्थ केसरवानी तृतीय इस इप्सिता पांडे 4इ से प्रथम सूर्यांश गुप्ता , द्वितीय स्तुति पटेल तृतीय रेयांश केसरवानी 5अ से प्रथम अखंड सिंह द्वितीय स्थान आदर्श केसरवानी तृतीय अंजय कुमार सिंह 5 इ से प्रथम शुभी शाक्य द्वितीय सौर वीर सिंह तृतीय स्थान गुना गुलाटी 6 अ से प्रथम शिवानी सिंह द्वितीय प्रिया शैलेश तृतीय मार्तंड आर्य 6इ से प्रथम आयुष सरोज द्वितीय सारा खान तृतीय पार्थसारथी 7अ से प्रथम यशस्वी यादव द्वितीय पुष्पेश मिश्रा तृतीय एलसी अग्रहरी 7 इ से प्रथम वंश केसरवानी द्वितीय कार्तिक शर्मा तृतीय अंश प्रताप सिंह 8अ से प्रथम कार्तिकेय केसरवानी द्वितीय दीपाली तृतीय श्रेष्ठ कुमार 8इ से प्रथम स्वप्निल ज्योति आराध्या सिंह तृतीय अक्षत रस्तोगी 9अ से प्रथम अंश गुप्ता, द्वितीय उत्कर्ष केसरवानी, तृतीय अगस्त केसरवानी 9 इ से प्रथम प्रियांशी द्वितीय अनुज, तथा तृतीय स्थान प्रेस ने प्राप्त किया । कार्यक्रम का संचालन राशि मिश्रा और प्रबल प्रताप सिंह ने किया। संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार जी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना किया कार्यक्रम में वाइस चेयरपर्सन रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन सपना गुप्ता प्रेमचंद गुप्ता गंगा प्रसाद काले सुभाष गुप्ता डिप्टी डायरेक्टर डॉ मयंक कुमार मिश्रा केपीएस प्रधानाचार्य रत्नाकर शर्मा किडजी प्रिंसिपल शिवांगी केसरवानी अब्दुल मोमिन हृदयनारायण,अखिलेश सिंह, मो नूर, संस्थान के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# मित्रता करो तो श्री कृष्ण व सुदामा जैसी : आचार्य डॉ. अखिलेश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत सिराथू के कैथनबाग में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन रविवार को कथा व्यास से सुदामा चरित्र व शुकदेव विदाई के साथ परीक्षित मोक्ष कथा का संगीतमय वर्णन किया। सुदामा चरित्र की कथा सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। जय श्री कृष्ण के जयकारे से पूजा पंडाल गुंजायमान हो उठा। कथा व्यास आचार्य डॉ अखिलेश महराज ने कहा कि मित्रता करो तो भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वहीं है तो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए मदद कर दे लेकिन आज-कल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता तब तक मित्रता रहती है। इसके साथ की कथा व्यास ने शुकदेव विदाई के साथ भगवान श्री कृष्ण के 16 हजार एक सौ आठ विवाहों का वर्णन किया। कहा कि सात दिनों तक श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है। कहा कि एक बार राजा परीक्षित वन मे

## कैथनबाग में श्रीमद् भागवत कथा सुनने को उमड़ा जन सैलाब



आखेट करते हुए काफी दूर तक निकल गए। प्यास लगने पर वह समीक ऋषि के आश्रम पहुंचे और पानी मांगा पर ऋषि समाधि में लीन थे। इस पर उनहें गुस्सा आ गया और वह मरा हुआ सर्प ऋषि के कंधे में डाल दिया। जानकारी ऋषि समीक के पुत्र को हुई तो उन्होंने राजा परीक्षित को श्राप दे दिया कि आज से सात दिन के भीतर तक्षक के काटने से ऐसा करने वाले की मौत हो जाएगी। इसके बाद शुकदेव ने गंगा तट पर राजा परीक्षित को श्री मद् भागवत कथा का रसपान कराया तो उन्हें मोक्ष को प्राप्त हूआ। श्रोताओं को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराने के बाद मधुर भजन की प्रस्तुति की। व्यास पीठ पूजन के साथ कथा पूर्ण की गई। मधुर भजन पर श्रोता आंनदित रहे। कथा आयोजक अनिरूद्ध पांडेय ने बताया कि सोमवार को कथा की पूणार्हुति होगी और मंगलवार को प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## नाबालिग किशोरी को भगा ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के अझुवा चौकी क्षेत्र की किशोरी को उसका प्रेमी लेकर फरार हो गया है किशोरी के परिजन जो शारीरिक रूप से गूंगे हैं ने कोतवाली सैनी में नामजद मुकदमा दर्ज करवा कार्रवाई की मांग की है। परिजनों के अनुसार बीते 21 मार्च को नाबालिग किशोरी को उसी गांव क्षेत्र का युवक लेकर फरार हुआ है। युवक ने 27 मार्च को फोन कर अपने रहने की जगह भी बतायी। सैनी कोतवाली पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत प्रेमी जोड़े की तलाश में जुट गई है युवक और किशोरी दूसरे समुदाय के हैं।

**टेढ़ीमोड़ चौराहा के टड़हड़ रोड में लगेगी सब्जी बाजार :** कल्यानपुर कौशाम्बी। सिराथू तहसील क्षेत्र के अंदावा टेडीमोड चौराहा से टड़हड़ रोड शिव मार्केट में 3 अप्रैल दिन सोमवार से ग्राम प्रधान शिव प्रताप सिंह उर्फ पताली के सहयोग से प्रति दिन 6 बजे से सब्जी की बाजार लगाई जाएगी इससे इलाके के जहां किसानों को राहत मिलेगी वहीं सब्जी के व्यापारियों खरीददारों को भी सब्जी बाजार लगने से सहूलियत होगी क्षेत्र के सब्जी व्यापारियों और आम जनमानस को ग्राम प्रधान ने सब्जी मार्केट बाजार शुरू किए जाने की सूचना देते हुए बाजार में पहुंचने की अपील की है।

## कौशाम्बी महोत्सव कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह के संभावित दौरे को लेकर एडीजी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण



**कौशाम्बी।** जिले में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कौशाम्बी महोत्सव कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह के संभावित आगमन को लेकर रविवार को एडीजी प्रयागराज जोन ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम, एसपी और अन्य अधिकारीगण भी मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। कौशांबी जिले के सिराथू तहसील अंतर्गत कड़ा धाम के फशाहिया मैदान में इस बार कौशांबी महोत्सव 3 दिन मनाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गृहमंत्री अमित शाह के 7 अप्रैल को पहुंचने की उम्मीद है। संभावित दौरे को देखते हुए एडीजी प्रयागराज भानु भास्कर ने रविवार को स्थलीय निरीक्षण किया। उनके साथ कौशांबी के जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव और अन्य अधिकारीगण मौके पर मौजूद रहे। एडीजी ने सुरक्षा के लिहाज से कई जरूरी दिशा निर्देश भी दिया। इसके अलावा उन्होंने हेलीपैड का भी निरीक्षण किया है। बता दें कि 4 अप्रैल 1997 को प्रयागराज से कट कर कौशांबी जिला बनाया गया था। कौशांबी महोत्सव में गृह मंत्री अमित शाह के अलावा मशहूर कवि डॉक्टर कुमार विश्वास के द्वारा 3 दिन राम कथा भी सुनाई जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### कई किसानों के खेत में लगी आग लाखों की फसल जलकर खाक



**कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के कनैली में विद्युत शार्ट सर्किट से कई किसानों के खेतों में खड़ी फसल में आग लग गई देखते-देखते खेत की फसल तेज लपट के साथ जलने लगी है फसल जलने की जानकारी मिलते ही मौके पर किसानों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस के साथ-साथ अग्निशमन दल को दिया गया है ग्रामीणों ने काफी मशक्कत करके आग पर काबू पाया है बताया जाता है कि सोनू सिंह पुत्र होरीलाल का लगभग 4 बीघा खेत जलकर खाक हो गया है इसी के साथ रामनाथ और चंद्रभान पुत्र सिपाही लाल सरोज के खेत में भी आग लग गई है जिससे उनके भी खेत की फसल भी जलकर खाक हो गई है अनुमान लगाया जाता है कि इस अग्निकांड की घटना में किसानों को लाखों की फसल जलकर खाक हो गई है जिससे किसानों के सामने मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा है।

### तेज रफ्तार बस की टक्कर से मैजिक चालक खलासी लहूलुहान



**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र में तेरह मील के समीप जीटी रोड पर तेज रफ्तार से आ रही बस ने मैजिक लोडर को टक्कर मार दिया हादसे में मैजिक के चालक और खलासी गंभीर घायल हो गए हैं जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है इस हादसे में दोनों गाडियां क्षतिग्रस्त हो गई, बस की टक्कर से मैजिक चालक को गंभीर चोटें आई हैं सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायल चालक को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल भेजवा दिया है। जानकारी के अनुसार छोटा हाथी लोडर गाड़ी चालक 2 लोग घायल हुए हैं जिनका नाम सूरज और शिव शरण बताया जा रहा है जो शेखपुर रसूलपुर नोहरी का पुरवा गांव के रहने वाले हैं, बस नंबर की टक्कर इतनी तेज थी कि बस भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

### कीचड़ में तब्दील हुआ सराय अकिल घोसिया मार्ग



**कौशाम्बी।** जिले के नेवादा ब्लाक के अंतर्गत ग्राम घोसिया में पानी सप्लाई हेतु पाईप लाइन बिछाया जा रहा है ।जेसीबी मशीन द्वारा पाईप डालने के लिये गड्ढे खोदे जा रहे है ।खुदाई करने के दौरान मिट्टी को सड़क पर डाला जा रहा है। ग्रामीणों ने जानकारी दिया है कि सराय अकिल घोसिया मार्ग पहले से खराब थी लेकिन जेसीबी द्वारा कार्य होने के कारण जरूरत से ज्यादा खनन किया जा रहा है ।और सड़क पर मिट्टी फेकने के कारण आवागमन बाधित हो रहा है जिससे लोग गिर कर चोटहिल हो रहे है। ठेकेदार द्वारा किये गए कार्य से घोसिया की जनता काफी आक्रोशित है।

### प्रजापति समाज को कैसे एकजुट किया जाए : भूपेन्द्र



**कौशांबी।** सिराथू तहसील के ग्राम पतेरिया पोस्ट बिसारा में कुंभकार मानव कल्याण समिति की कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष एडवोकेट रवी कांत प्रजापति ने किया संचालन महामंत्री राम प्रसाद प्रजापति ने किया बैठक में उपाध्यक्ष भूपेंद्र प्रजापति ने कहा कि रजिस्ट्रेशन के बाद प्रथम बैठक का आयोजन हो रहा है इसमें समाज के लोगों को कैसे शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार संबंधित सेवाओं का लाभ मिले और समाज को एकजुट करने के लिए जोर दिया गया इस पर विधिवत चर्चा हुई इस बैठक में कोषाध्यक्ष बुधराम प्रजापति एडवोकेट, मानसी प्रजापति, डॉक्टर संतोष प्रजापति, रामाश्रय प्रजापति, राहुल प्रजापति ,हरी लाल प्रजापति अजय प्रजापति शास्त्री, बच्ची लाल, एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह, अंजू मैडम, एडवोकेट जंग बहादुर, डॉक्टर जितेन्द्र प्रजापति ,आदि समाज के लोग उपस्थित रहे

### एम्बुलेंस कर्मचारियों ने मनाया ईएमटी दिवस



**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित निः शुल्क 102 एवं 108 एम्बुलेंस के क्षेत्रीय प्रबंधक धीरज कुमार ने जनपद कौशाम्बी में कार्यरत एम्बुलेंस कर्मचारियों के साथ रविवार को ई एम टी दिवस मनाया। ज्ञात हो कि प्रदेश में संचालित 102/108 एम्बुलेंस द्वारा लोगों को निरंतर निःशुल्क सेवा प्रदान की जा रही है और लोगों की जान को बचाने और जरूरत मंदो को एम्बुलेंस प्रदान करने का उत्कृष्ट कार्य किया जा रहा है। अतः उन एम्बुलेंस कर्मियों के उत्साहवर्धन के लिए ई एम आर आई के क्षेत्रीय प्रबंधक ने हर ब्लॉक में जाकर एम्बुलेंस कर्मियों को उनके ई म टी दिवस के अवसर पर उनको बधाई दी एवं उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिनेश यादव, जिला प्रभारी महेश कुमार, नितिन श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

## तहसील बना बॉलीवुड ...

# जब एसडीएम ने गाना गाया तो महिला कर्मचारी सहित दर्जनों कर्मचारी ऊख की धुन पर थिरके

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले का सिराथू तहसील उस समय बॉलीवुड नजर आने लगा जब एसडीएम ने सबके सामने अपनी गायकी का कार्यक्रम पेश किया, एसडीएम राहुल देव भट्ट ने माइक पर बोलते हुए तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे गाना गाने लगे। एसडीएम ने पूरा गाना गाया जिसे वहां पर मौजूद अधिकारी, अधिवक्ता, राजस्व कर्मी के साथ अन्य लोगों ने सुना तो दंग रह गए। वहीं दूसरी तरफ एक नजारा और देखने को मिला कर्मचारियों ने ऊख की धुन पर जमकर डान्स किया।कौशाम्बी लेखपाल संघ की जिलाध्यक्ष महिला हैं जिनका नाम साधना सिंह हैं वो खुद को नही रोक सकी और कजरारे कजरारे तेरे नैना पर जमकर डांस किया। इतना ही नहीं तहसील के तीन दर्जन लेखपाल के साथ साथ दर्जनों कर्मचारी भी ऊख में बज रहे परफ्यूम लगावे चुन्नी में की धुनपर नाचे। दरअसल सिराथू तहसील में तहसीलदार सन्तोष कुमार की विदाई का मौका था, जब सारे लोग उन्हें विदाई देने के लिए फूल माला



पहनाकर विदा कर रहे थे, तभी तहसील राजस्व कार्यों के बजाए बॉलीवुड में तब्दील हो गई।फिलहाल सिराथू के तहसीलदार के विदाई के मौके पर जहां सन्तोष कुमार को विदाई मिली वहीं दूसरी तरफ अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी अपनी छिपी हुई प्रतिभायें तहसील में बिखेरी।

# भारत माता की आजादी बनाए रखने के लिए जरूरी है सनातन : अवधेश नारायण शुक्ला

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** भारत माता के लाल हिंदू सुरक्षित रहें इसके लिए जरूरी है कि भारत में सनातन सुरक्षित रहे पूर्व में भारत माता के कई टुकड़े किए गए हैं जितनी बार भारत माता के टुकड़े हुए हैं उतने बार सनातन की संख्या में कमी आई है ऐसा नहीं है पूर्व में अतिथियों ने भारत माता के पुत्र हिंदुओं को बड़ी संख्या में महज इसलिए काट डाला था कि वह अपने धर्म को छोड़ने के लिए तैयार नहीं थी उक्त बातें हिंदू जागरण मंच के जिलाध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने पूरब शरीरा, अम्बावा, निधियावां और जजौली में आयोजित हुई बैठकों के दौरान कही। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने संपूर्ण हिंदू समाज को एकजुट होने का आवाहन करते हुए कहा कि हमारे धर्म में जातियों के बंटवारे ने धर्म का नुकसान किया है। ऐसे में हम सभी समाज के लोगों को जातियों से ऊपर उठकर हिंदू समाज एकता के लिए काम करना होगा। इस

## पूरब शरीरा, अम्बावा, निधियावां और जजौली में आयोजित हुई बैठक



मौके पर उन्होंने आवाज उठाते हुए कहा कि विभिन्न अन्य धर्मों में भी जातियां हैं लेकिन उनकी बात नहीं उठाई जाती है। इस मौके पर बोलते हुए संगठन के उपाध्यक्ष यशवंत यादव ने जिले में चल रही चंगाई सभाओं पर आवाज उठाई इसके साथ विभिन्न थाना क्षेत्रों में हो रहे धर्म परिवर्तन के मामलों पर भी प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। इस मौके पर प्रमुख रूप से रजत पाण्डेय, पंकज मिश्रा, वेद प्रकाश सत्यार्थी, बृज बिहारी, आकाश पाल, मोनू, उमा शंकर, सोनू, कुलदीप, करन, अजय, संजय, अमन मिश्रा, आशुतोष, राज मौर्य चमन पांडे, सुनील दुबे, कृष्णकांत तिवारी, देवेंद्र सिंह, सुभम सोनी, महेश प्रसाद, शुसील पाण्डेय, उमेश प्रसाद, उदय कांत पांडे, हरिश्चंद्र, अनिल, जगतपाल, मनोज कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# भैला मकदूमपुर गांव पहुंचे विहिप के जिला संगठन मंत्री

अखंड भारत संदेश

**करारी,कौशाम्बी।** करारी कोतवाली क्षेत्र के भैला मकदूमपुर गांव में चार दिन पूर्व विशेष समुदाय के करीब दर्जनभर लोगों ने एक दलित युवक व उसके चाचा को दौड़ा दौड़ा कर पीटा था। मामले में पुलिस ने खेल कर सिर्फ दो लोगों का शांतिभंग में चालान कर बाकी आरोपियों को क्लीनचिट दे दी। पीड़ित को न्याय नही मिलने से रविवार को विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री गांव पहुंचे। विहिप के लोगों ने पीड़ित परिजन से मुलाकात कर न्याय दिलाने व दोषी दरोगा पर कार्रवाई का भरोसा दिया है। करारी के भैला मकदूमपुर गांव में चार दिन पूर्व लापरवाही से गाड़ी चलाने का विरोध करने पर विपिन दिवाकर व उसके चाचा को गांव के ही विशेष समुदाय के करीब दर्जनभर दबंगों ने दौड़ा दौड़ा कर पीटा था। थाने में शिकायत कर वापस पहुंचने पर पीड़ित के सिर में कांच की बोतल से हमला करने की घटना में पुलिस ने सिर्फ दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर मामला रफादफा कर दिया। जबकि पीड़ित ने सात के खिलाफ नामजद तहरीर थाने व पुलिस अधीक्षक से की है। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि थाने के एक चर्चित दरोगा व बीट के एक दीवान ने उसकी तहरीर बदल दी। बहरहाल पीड़ित को न्याय न मिलने से रविवार को विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री विकास कुमार व अन्य लोग गांव पहुंचे और पीड़ित परिजन से मुलाकात कर उनका हाल जाना। पीड़ित ने घटना की विस्तृत जानकारी संगठन



पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर न्याय का दिया भरोसा, चार दिन पूर्व विशेष समुदाय के लोगों ने दलितों को दौड़ा दौड़ा कर किया था पिटाई

मंत्री को दिया। पीड़ित व परिजनों द्वारा लगाए गए पुलिस पर आरोप को लेकर संगठन मंत्री ने नाराजगी जाहिर किया। इस दौरान विहिप संगठन मंत्री विकास जी ने कहा कि जो भी पुलिसकर्मी लापरवाही व मिलीभगत करके आरोपियों को बचाने का ठेका ले रखा है। उन पर कठोर कार्रवाई करवाई जाएगी। साथ ही दोषी आरोपियों को किसी भी कीमत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पीड़ित परिजनों को न्याय का भरोसा दिया है।

# भ्रस्टाचार पर उठाई आवाज तो भाजपा नेता को छोड़ना पड़ा घर

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के गृह जनपद कौशाम्बी में गांव में भ्रष्टाचार में डूबे भ्रष्ट अधिकारियों, कर्मचारियों से परेशान होकर एक भाजपा नेता रविवार को जिला मुख्यालय में अनशन पर बैठ गए हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर भ्रष्टाचार की जांच नहीं हुई तो वह भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे,भाजपा नेता ने अधिकारियों द्वारा परेशान करने का गम्भीर आरोप भी लगाया है,जिसके कारण वह कई दिनों से घर भी नही जा पाए है। अनशन पर बैठे नेता को मनाने में अधिकारी और भाजपा के वरिष्ठ नेता लगे हुए हैं मंझनपुर तहसील क्षेत्र के भगवतपुर गांव के रहने वाले प्रकाश दुबे भारतीय जनता पार्टी के पश्चिम शरीरा मंडल के मंत्री हैं, वह रविवार को मंझनपुर स्थित कलेक्ट्रेट में कुछ ग्रामीणों के साथ अपने ही सरकार में अधिकारियों पर भ्ष्टार्चार का आरोप लगा कर अनशन पर बैठ गए हैं। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहां है कि सरसवा ब्लाक के बीडीओ व सहायक

## अनशन पर बैठ गए भाजपा नेता



अधिकारी शिव कुमार श्रीवास्तव और गांव के प्रधान आपस में सांठगांठ करके सरकारी धन का जमकर बंदरबांट कर रहे हैं। प्राथमिक विद्यालय में सिर्फ पुताई करा कर संपूर्ण कार्य का भुगतान करा लिया। गांव में खड़ंजा बिछाने के नाम पर भी भ्रष्टाचार किया गया। गांव में विकास की जगह पर जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। जब इसकी शिकायत अधिकारियों से की गई तो वह उल्टा उन्हें ही परेशान करने लगे। आरोप लगाया है कि हलका इंचार्ज अजय यादव ने फर्जी मुकदमा लिखकर जेल भेजने की धमकी दी है। इसके अलावा प्रधान के बहकावे में आकर गांव के लोग भी परेशान कर रहे हैं। इन सब से परेशान होकर भाजपा नेता प्रकाश दुबे पिछले 7 दिनों से घर नहीं जा पा रहे है। प्रकाश दुबे ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उनकी बात नहीं सुनी गई तो वह आगे भूख हड़ताल करेंगे।

जन संपादकीय

# कर्नाटक आरक्षण मुद्दा: ध्रुवीकरण की दिशा में एक और कदम

**तनवीर जाफरी**

**चुनाव** आयोग ने कर्नाटक विधानसभा चुनावों की तारीख की घोषणा कर दी है। राज्य में विधानसभा चुनाव हेतु 10 मई को केवल एक चरण में ही मतदान होगा। जबकि चुनाव के नतीजे 13 मई को आएंगे। चुनावों की तारीख की घोषणा से ठीक एक सप्ताह पूर्व राज्य की वर्तमान भारतीय जनता पार्टी की बासवराज बोम्मई सरकार ने धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए दिये जा रहे चार प्रतिशत आरक्षण को समाप्त करने की घोषणा की है । साथ ही आरक्षण के इस 4 % कोटे को राज्य के दो प्रमुख समुदायों को दिये जा रहे वर्तमान आरक्षण में जोड़ने की घोषणा भी कर दी। राज्य सरकार के इस निर्णय के बाद ओबीसी श्रेणी के 2बी वर्गीकरण के अंतर्गत राज्य के मुसलमानों को अब तक दिए जा रहे 4 प्रतिशत आरक्षण को अब दो बराबर हिस्सों में विभाजित कर दिया गया है। वोक्कालिंगा और अन्य समुदाय के लिए पूर्व में दिया जा रहा चार प्रतिशत आरक्षण अब बढ़कर छह प्रतिशत हो जाएगा। साथ ही वीरशैव पंचमसाली और अन्य (लिंगायत) समुदाय जिन्हें राज्य में अब तक पांच प्रतिशत आरक्षण हासिल था, उन्हें अब सात प्रतिशत आरक्षण मिलने लगेगा। गौर तलब है कि 1994 में जब एचडी देवगौड़ा कर्नाटक के मुख्यमंत्री बने थे उसी के बाद 1995 में राज्य के मुसलमानों को आरक्षण देने का फैसला किया गया था। इसके तहत आरक्षण की कैटेगरी बी-2 बनाकर अलग से अल्पसंख्यकों को 4 फीसदी आरक्षण का प्रावधान रखा गया था। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के बाद रंगनाथ कमीशन ने मुसलमानों की दशा देखते हुये अपनी रिपोर्ट में मुस्लिमों को अलग से आरक्षण देने की सिफारिश की थी। बहरहाल इस पूरे घटनाक्रम में सबसे महत्वपूर्ण बयान गृह मंत्री अमित शाह का था। शाह ने पिछले दिनों अपने कर्नाटक दौरे पर बीदर में आयोजित चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कर्नाटक सरकार के उस निर्णय का बचाव किया जिसके तहत मुस्लिम समुदाय को अब तक दिया जा रहा 4 फीसदी आरक्षण खत्म कर दिया गया है। उन्होंने कथित 'वोट बैंक की राजनीति' के लिए मुस्लिमों को चार प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान करने के लिए कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुये कहा कि- 'भाजपा कभी तुष्टिकरण में विश्वास नहीं करती। इसलिए उसने आरक्षण व्यवस्था में बदलाव का फैसला किया।' उन्होंने कहा, 'बीजेपी ने अल्पसंख्यकों को दिया गया चार प्रतिशत आरक्षण समाप्त कर दो प्रतिशत आरक्षण वोक्कालिंगा और दो प्रतिशत आरक्षण लिंगायत समुदाय को दिया।' उन्होंने यह भी कहा कि 'अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण संवैधानिक तौर पर वैध नहीं है। संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। कांग्रेस सरकार ने इसे अपनी तुष्टिकरण की राजनीति के तहत किया और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की।' यहां यह भी काबिल-ए-गौर है कि यही वह राज्य है जहां गत वर्ष दक्षिणपंथियों ने कॉलेज में मुस्लिम लड़कियों के हिजाब पहनने का विरोध किया था उसके बाद यही हिजाब विवाद अंतर्राष्ट्रीय सुर्खियों में भी छाया था। इसी राज्य में अक्सर यही दक्षिण पंथी ताकतें शेर-ए-मैसूर स्वतंत्रता सेनानी टीपू सुल्तान का विरोध करती रहती हैं। सत्ता में आने के तुरंत बाद बीजेपी सरकार ने टीपू सुल्तान की जयंती समारोह को खत्म कर दिया था। बीजेपी की इसी बोम्मई सरकार में ही इसी राज्य में हिजाब विवाद के अतिरिक्त मलाली मंदिर-मस्जिद विवाद, हलाल मांस , मुस्लिम कारोबारियों के बहिष्कार ,कभी अजान का विरोध तो कभी हेडगेवार के भाषण को आधिकारिक तौर पर स्कूली पाठ में शामिल करने जैसी विवादस्पद बातों को लेकर काफी सांप्रदायिक तनाव रहा है । इसके अतिरिक्त राज्य के तुमकुरु और शिमोगा में सावरकर और टीपू सुल्तान के पोस्टर को लेकर विवाद पैदा हुआ था और साम्प्रदायिक हिंसा भी हुई थी । राज्य में हिंदू संगठन रेस्टोरेंट,पार्क,बार और पब आदि में युवक-युवतियों पर हमला करके मॉरल पुलिसिंग करने की कोशिश कर चुके हैं। यहां 'लव जिहाद' नामक कैंपेन भी चलाया जा चुका है। 'लव जिहाद' के नाम पर कट्टरपंथी हिंदू संगठन मुसलमान युवकों पर शादी के जरिए हिंदू महिलाओं को मुसलमान बनाने का आरोप लगाते रहते हैं। राजनैतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह सभी विवाद भाजपा द्वारा मुसलमानों को हाशिए पर लाने की कोशिश और इसी बहाने हिंदूवादी मतों का अपने पक्ष में ध्रुवीकरण करने के प्रयास के तहत जानबूझकर पैदा किये गये। और इन सब के साथ यह भी अति महत्वपूर्ण यह कि पिछले दिनों इसी राज्य से होकर राहुल गाँधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा गुजरी है । इस यात्रा ने राज्य में करीब 500 किलोमीटर का फासला तय किया है। 24 दिनों तक लगातार कर्नाटक से गुजरते हुये भारत जोड़ो यात्रा को प्रतिदिन अभूतपूर्व जन समर्थन हासिल हुआ। माना जा रहा है कि भारत जोड़ो यात्रा की सफलता और इस यात्रा से राज्य में कांग्रेसजनों के बढ़े हौसले आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को काफी लाभ पहुंचा सकते हैं। किसी समय में कर्नाटक कांग्रेस का अभेद दुर्ग माना जाता था। भाजपा इसी बात को लेकर भयभीत है। अन्यथा देवगौड़ा सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों को दिये गये चार प्रतिशत आरक्षण के लिये कांग्रेस पर 'तुष्टिकरण ' जैसा आरोप लगाने की क्या जरुरत थी ? परन्तु भाजपा इस बात से वाकिफ है कि उसका हिंदूवादी वोट बैंक हिंदू हितों पर आधारित नहीं बल्कि प्रखर मुस्लिम विरोध के फलस्वरूप हासिल होता है। गुजरात को संघ की प्रयोगशाला यूँही नहीं कहा जाता। यहाँ भाजपा की मजबूती का आधार मुस्लिम विरोध और उन्हें हाशिये पर डालना ही था। यही वास्तविक गुजरात मॉडल है जिसे पूरे देश में लागू करने के प्रयास किये जा रहे हैं।

असम में बड़ी संख्या में मदरसों को बंद कराया जाना,भाजपा शासित विभिन्न राज्यों में जिलों,शहरों,कस्बों व स्टेशन्स के नाम बदला जाना, मुसलमानों के विरुद्ध खुले आम सार्वजनिक स्थलों से अनेकानेक विशिष्ट राजनैतिक व धार्मिक लोगों द्वारा विष वमन करना,दंगाइयों,मॉब लिंचिंग करने वालों यहाँ तक कि मुस्लिम महिलाओं के साथ बलात्कार करने वालों को महिमामंडित करना, गोया किसी न किसी बहाने मुस्लिम विरोध का परचम बुलंद रखना यहाँ तक कि कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण का खत्म किया जाना आदि, यह सभी धर्म के आधार पर हिंदूवादी मतों को अपने पक्ष में लामबंद करने के ही प्रयास हैं।

# धर्म एवं राजनीति का घालमेल घातक है

**ललित गर्ग**

**धर्म** और राजनीति के घालमेल से समाज एवं राष्ट्र में उन्माद, अराजकता एवं अशांति पैदा हो रही है, राजनीति धर्म का बेजा इस्तेमाल करते हुए अपने वोट बैंक को बढ़ाने में लगे हैं तो तथाकथित धर्म के ठेकेदार एवं धर्मगुरु राजनीतिक मंचों का उपयोग करते हुए स्वयं को चमकाने में लगे हैं, दोनों ही अपने स्वार्थ पूर्ति के लिये धर्म की मूल आत्मा को ध्वस्त कर रहे हैं, इस तरह की घटनाओं को लेकर लगातार कई मंचों से चिंता व्यक्त की जाती रही है। लेकिन यह विडंबना ही है कि यह घालमेल बढ़ता ही जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी समीचीन है कि जब तक धर्म और राजनीति को अलग-अलग नहीं करेंगे, नफरत की आंधी पर विराम नहीं लगेगा। सार्वजनिक मंचों पर सभी यह मानते हैं धार्मिक वैमनस्यता, नफरत, घृणा, द्वेष उचित नहीं है, लेकिन व्यवहार में ऐसा होता नहीं दिखता। जाहिर है कि राजनेताओं और धमार्चार्यों के एक वर्ग ने स्वार्थवश न तो राजनीति को पवित्र रहने दिया है और न ही धर्म को। जबकि धर्म का पहला मंत्र ही स्वार्थ से मुक्ति पाना है। भारतीय संस्कृति की आत्मा ही धर्म है, लेकिन वास्तविक धर्म क्रियाकांड, आडम्बर एवं एक दूसरे को नीचा दिखाने में नहीं है। धर्म तो जीवन का स्वभाव है, खुद को पवित्र करने का जरिया है। राजनीति पर धर्म का नियंत्रण हो, यह अपेक्षित है। लेकिन कौनसे धर्म का नियंत्रण? वास्तविक धर्म न तो पंथ, मत, सम्प्रदाय, मन्दिर या मस्जिद में है और न धर्म के नाम पर पुकारी जाने वाली पुस्तकें ही धर्म है। धर्म तो सत्य और अहिंसा है, धर्म तो जीवन रूपान्तरण की, आत्मशुद्धि की प्रक्रिया है। धर्म इंसानों को जोड़ने का माध्यम है न कि तोड़ने का। धर्म तो त्रस्त, दुःखी एवं व्याकुल मानव-जीवन को आत्मिक सुख-शांति एवं राहत की ओर मोड़ने वाला है। जो नारकीय धरातल पर खड़े जन-जीवन को सर्वोच्च स्वर्गीय धरातल की ओर आकृष्ट करने वाला है। धर्म की इस उत्कृष्टता को हिंसा, अलगाव, बिखराव कहां स्वीकार्य है। इसलिये जरूरी है कि तुष्टिकरण हटे और उन्माद भी हटे। अगर भारत माता के शरीर पर धर्म के नाम पर बड़े-बड़े घाव करके भी हम कुछ नहीं सीख पाये, आस्था को उन्माद बनाने से नहीं रोक पाये, वोट के लिए धर्म की राजनीति करना नहीं छोड़ा और सर्वधर्म समभाव की भावना को पुनः प्रतिष्ठापित नहीं किया तो यह हम सबका दुर्भाग्य होगा। इसलिये सबको सन्मति दे भगवान।



धर्म और राजनीति का मेल होना चाहिए या नहीं, इस पर पहले भी व्यापक बहस होती रही है। एक वर्ग यह मानता है कि धर्मविहीन राजनीति अपना उद्देश्य कभी पूरा नहीं कर पाती। धर्म के बिना राजनीति मधु के बिना मधुमक्खियों के छत्ते की तरह है, जो सिर्फ लोगों को काट ही सकती है। इस तर्क में भी तभी तक दम है जब तक धर्म को उसके सच्चे अर्थों में स्वीकार किया जाए। ऐसे भारतीय इतिहास में ऐसे असंख्स उदाहरण मौजूद हैं जब शासनाध्यक्षों ने अपने समय के सिद्ध धमार्चार्यों की शरण में रह कर उनके दिग्दर्शन में राजकाज चलाया। लेकिन वैसे धमार्चार्य कभी शासनाध्यक्ष नहीं बने। लेकिन समय के साथ-साथ धर्म और राजनीति दोनों में विद्रूपता भी आई है। रही-सही कसर गुलामी के सैकड़ों वर्षों एवं भारत विरोधी शक्तियों ने पूरी कर दी। आज तो राजनीति कथित धमार्चार्यों के सिर चढ़कर बोल रही है। धर्म के नाम पर नफरत फैलाने वाले राजनेता कानून और व्यवस्था की लक्ष्मण रेखाएं लांघ रहे हैं। ह्वरघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाई पर वचन न जाईह्व इस आदर्श को निभाने वाले लोग देश को संगठित करने, ताकतवर बनाने के लिये प्रयास कर रहे हैं। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय जिन मुद्दों पर चिन्ता व्यक्त कर रही है, राजनीतिज्ञ, कर्णधार, धर्मगुरु और नेतृत्व देने वाले ऐसी चिन्ता क्यों नहीं कर पा रहे हैं? वे अगर तात्कालिक एवं दूरगामी नतीजे का अनुमान नहीं लगा पाए तो यह देश का दुर्भाग्य है। देश की शीर्ष अदालत ने नफरत फैलाने वाले बयानों (हेट स्पीच) को रोकने में नाकाम रहने पर सत्ता को फटकारते हुए यहां तक कह दिया कि वह नपुंसक की तरह व्यवहार कर रही है। कानून-व्यवस्था बनाए रखना मूल रूप से राज्यों का काम है, इसलिए हेट स्पीच पर रोक लगाने की जिम्मेदारी भी मुख्य रूप से राज्यों की बनती है। लेकिन राज्य सरकारें इसके लिए कोई प्रभावी कदम उठाती नजर नहीं आ रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल उठाया कि आखिर राज्य होता ही क्यों है?

> देश में अनेक धर्म के सम्प्रदाय हैं और उनमें सभी अल्पमत में हैं, वे भी तो जी रहे हैं। उन सबको वैधानिक अधिकार हैं तो उनके नैतिक दायित्व भी हैं। देश एवं सरकार संविधान से चलते हैं, आस्था से नहीं। धर्म को सम्प्रदाय से ऊपर नहीं रख सके तो धर्म का सदैव गलत अर्थ निकलता रहेगा। धर्म तो संजीवनी है, जिसे विष के रूप में प्रयोग किया जा रहा है

आजादी के दीवानों को भी धर्म और राजनीति के अनैतिक घालमेल की आशंका रही होगी, इसीलिए उस दौरान यह विचार तेजी से आगे बढ़ा कि धर्म और राजनीति को अलग-अलग रहना चाहिए। महात्मा गांधी ने इस विचार को बखूबी आगे बढ़ाया। स्वामी विवेकानन्द, स्वामी दयानन्द सरस्वती, गुरू गोविन्दसिंहजी जैसे अनेक धर्मगुरु वास्तविक धर्म की स्थापना के लिये तत्पर रहे हैं, वे व्यवहार में पूरे धार्मिक थे, लेकिन राजनीति में इससे दूर रहे। भारतीय पुनर्जागरण के दौरान भी धर्म और राजनीति से ऊपर देशहित को रखा गया और विभिन्न धर्मावलंबी कंधे से कंधा मिलाकर लड़ते रहे। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की यह चिंता जायज ही कही जाएगी।हमारा राष्ट्र सम्पूर्ण प्रभुत्व सम्पन्न, धर्मनिरपेक्ष-(पंथ निरपेक्ष कहना चाहिए) समाजवादी गणतंत्र राष्ट्र है, इससे हटकर हमारी मान्यताएँ, हमारी आस्थाएं, हमारी संस्कृति सुरक्षित नहीं रह सकती, हमारा देश एक नहीं रह सकता। हम सब एक राष्ट्र के नागरिक के रूप में जी नहीं सकते। आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए विश्व की बड़ी ताकत बनने की ओर अग्रसर राष्ट्र को तथाकथित साम्प्रदायिक ताकतें एवं भारत विरोधी शक्तियां अपने उन्माद में, अपने स्वार्थ में, अपनी राजनीतिक उद्देश्यों में इसे कमजोर करते हैं तो ऐसी ताकतों से राष्ट्र की रक्षा की जानी जरूरी है। खतरा मन्दिरों, मस्जिदों, गिरजों और गुरुद्वारों को नहीं है, बल्कि खतरा हमारी संस्कृति को है, हमारी राष्ट्रीयता को, हमारी सांझा संस्कृति को हैं, जो हमारी हजारों वर्षों से सिद्ध चरित्र की प्रतीक है। जो युगों और परिवर्तनों के कई दौरों की कसौटी पर खरा उतरा है। कोई बहुसंख्यक और कोई अल्पसंख्यक है, लेकिन अल्पसंख्यक बहुतसंख्यक तो नहीं हो सकते। तो इस सच्चाई को स्वीकार कर-के रहना, अब तक हम क्यों नहीं सीख पाए?

# दक्षिण में हिन्दी-विद्वेष की राजनीति कब तक?

**ललित**

**दक्षिण भा**रत में हिन्दी का विरोध करके राजनीति चमकाने की कुचेष्टाएं होती रही हैं। वहां राजनीतिज्ञ अपना उल्लू सीधा करने के लिये भाषायी विवाद खड़े करते रहे हैं और वर्तमान में भी कर रहे हैं। यह देश के साथ मजाक है। यह मुद्दा जब-तब सिर उठाता देखा जाता है। ताजा मामला तमिलनाडु में दही के पैकेट पर प्रमुखता से दही लिखे जाने के निर्देश को लेकर उठा है। वहां के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने अपने ट्विटर पर लिखा है कि इस तरह हमारे ऊपर हिंदी थोपने का प्रयास किया जा रहा है। दरअसल, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने कर्नाटक मिल्क फेडरेशन को निर्देश दिया है कि दही के पैकेट पर प्रमुखता से दही मुद्रित किया जाए। इसी को लेकर विवाद छिड़ गया है। अब सुझाव आए हैं कि तमिल में दही के पर्यायवाची को कोष्ठक में लिखा जाना चाहिए। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने इस सुझाव को स्वीकार करते हुए पैकेट पर कर्ड के साथ तमिल और कन्नड़ भाषा के स्थानीय शब्द जैसे मोसरू और तायिर को ब्रैकेट में इस्तेमाल करने के निर्देश दे दिये हैं। भले ही राजनीतिक कारणों से यह सुझाव स्वीकार किया गया हो, लेकिन प्रश्न है कि जब तक राष्ट्र के लिये निजी-स्वार्थ एवं राजनीतिक नफा-नुकसान के गणित को विसर्जित करने की भावना पुष्ट नहीं होगी, राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक उन्नयन एवं सशक्त भारत का नारा सार्थक नहीं होगा। हिन्दी को सम्मान एवं सुदृढ़ता दिलाने के लिये केन्द्र सरकार के साथ-साथ प्रांतों की सरकारों को संकल्पित होना ही होगा।




मुख्यमंत्री ने एक सोची-समझी राजनीति के तहत एक बार फिर हिंदी और दक्षिण की भाषाओं के बीच विद्वेष की आग सुलगा दी है। हालांकि हिंदी को लेकर दक्षिण में अस्वीकार की भावना को शांत या सहज करने की कोशिशें हो चुकी हैं, खूब सारे तर्क दिए जा चुके हैं, मगर जो लोग इसे राजनीतिक रंग दिए रखना चाहते हैं, उनके सामने सारे तर्क बेमानी हो जाते हैं। ताजा विवाद भी उसी राजनीतिक नजरिए का नतीजा है। नई बनती दुनिया में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कारोबार आदि वजहों से लोगों की देश के विभिन्न हिस्सों में आवाजाही बढ़ी है। जिसमें भाषायी संकीर्णता विकास में बड़ी बाधा है। महानगरों में बड़े पैमाने पर दूसरे प्रांतों के लोग जाकर बसने लगे हैं, बस गए हैं, उसमें भाषा संबंधी ऐसी संकीर्णता मायने नहीं रखती। वैसे भी जहां तक हिंदी की बात है, बेशक उसे राष्ट्रभाषा के तौर पर देश के सभी नागरिकों के लिए अनिवार्य बना दिया गया हो, लेकिन उसे व्यवहार की भाषा बनाने में अनेक दिक्कते खड़ी है। राजनीतिक उद्देश्यों से हिन्दी को उपेक्षित करने की कोशिशें लगातार हो रही है, जबकि हिन्दी विश्व की तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा बन गयी है। कोई भी कारोबारी अब यह नहीं कह सकता कि वह केवल अपनी मातृभाषा में कारोबार करेगा, हिंदी का सहारा बिल्कुल नहीं लेगा। पर्यटन उद्योग से जुड़े लोग भी ऐसी जिद नहीं पाल सकते। पालते भी नहीं। दक्षिण के राज्यों में हिंदीभाषी लोग बड़ी सहजता से अपनी भाषा में बात रख लेते हैं, वहां के लोग उनकी बात समझ भी लेते हैं। इस सच्चाई से वहां के राजनेता और प्रशासक भी अपरिचित नहीं। फिर यह समझना मुश्किल है कि वे ऐसे भाषा-विद्वेष को जिंदा ही क्यों रखना चाहते हैं? निश्चित ही संकीर्ण एवं स्वार्थ की राजनीति के कारण ऐसा हो रहा है।

तमिलनाडु में हिंदी को लेकर विरोध कोई नया नहीं है, यह विरोध तो 1937 से ही है, जब चक्रवर्ती राजगोपालाचारी की सरकार ने मद्रास प्रांत में हिंदी को लाने का समर्थन किया था पर द्रविड़ कषगम (डीके) ने इसका विरोध किया था। तब विरोध ने हिंसक झड़पों का स्वरूप ले लिया था और इसमें दो लोगों की मौत भी हुई थी। लेकिन साल 1965 में दूसरी बार जब हिंदी को राष्ट्र भाषा बनाने की कोशिश की गई तो एक बार फिर से गैर हिंदी भाषी राज्यों में पारा चढ़ गया था। तमिल इतिहासकार एआर वेंकटचलापति का कहना है कि आज भी वहां हिन्दी के उपेक्षित होने का एहसास बना हुआ है। वे कहते हैं, सभी भाषाओं को बराबरी का दर्जा देकर ही सांस्कृतिक एकता को मजबूत किया जा सकता है। तमिलनाडु के दूरदराज के इलाके में अगर किसी को बैंक के एटीएम पर कुछ काम होता है तो उसे अंग्रेजी या फिर हिंदी का सहारा लेना होता, लेकिन उसके पास तमिल का विकल्प नहीं होता। बावजूद इन स्थितियों के हिन्दी का विरोध समझ से परे हैं। निश्चित रूप से कोई भी भाषा अपनी संस्कृति की वाहक और संरक्षक होती है, उसे विकृत करने की कोशिशों का विरोध होना ही चाहिए। मगर भाषाई खुलेपन की वजह से अगर कारोबारी विस्तार हो रहा है, तो ऐसी जिद भी नहीं पाली जानी चाहिए। फिर भाषाएं चुपके से अपनी सहवर्ती भाषाओं से न जाने कितने शब्द, मुहावरे, प्रतिमान ग्रहण कर अपने को समृद्ध करती रहती हैं, उनके इस सहज स्वभाव में राजनीतिक अवरोध भी क्यों पैदा किया जाना चाहिए।

किसी भी प्रांत को अपना समग्र विकास करना है तो भाषायी आग्रह एवं संकीर्णताएं त्यागनी होगी। भाषा, जाति, धर्म आदि को राजनीति का आधार मानने की स्थितियां अब उतनी प्रभावी नहीं रही है, अब देश एक हो रहा है तो उसकी भाषा भी एक होनी ही चाहिए। हिन्दी को दबाने की नहीं, ऊपर उठाने की आवश्यकता है। हमने जिस त्वरता से हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने की दिशा में पहल की, उसी त्वरा से राजनैतिक कारणों से हिन्दी की उपेक्षा भी की है, यही कारण है कि आज भी हिन्दी भाषा को वह स्थान प्राप्त नहीं है, जो होना चाहिए। राष्ट्र भाषा सम्पूर्ण देश में सांस्कृतिक और भावात्मक एकता स्थापित करने का प्रमुख साधन है। भारत का परिपक्व लोकतंत्र, प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति तथा अनूठा संविधान विश्व भर में एक उच्च स्थान रखता है, उसी तरह भारत की गरिमा एवं गौरव की प्रतीक राष्ट्र भाषा हिन्दी को हर कीमत पर विकसित करना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में हिन्दी को राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा के रूप में स्कूलों, कॉलेजों, अदालतों, सरकारी कार्यालयों और सचिवालयों में कामकाज एवं लोकव्यवहार की भाषा के रूप में प्रतिष्ठा दिलाने के प्रयास हो रहे हैं, फिर दक्षिण में हिन्दी विरोध के बादल छटने ही चाहिए। महात्मा गांधी ने अपनी अन्तर्वेदना प्रकट करते हुए कहा था कि भाषा संबंधी आवश्यक परिवर्तन अर्थात हिन्दी को लागू करने में एक दिन का विलम्ब भी सांस्कृतिक हानि है। मेरा तर्क है कि जिस प्रकार हमने अंग्रेज लुटेरों के राजनैतिक शासन को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया, उसी प्रकार सांस्कृतिक लुटेरे रूपी अंग्रेजी को भी तत्काल निर्वासित करें। लगभग साढे सात दशक के आजाद भारत में भी हमने हिन्दी को उसका गरिमापूर्ण स्थान न दिला सके, यह विडम्बनापूर्ण एवं हमारी राष्ट्रीयता पर एक गंभीर प्रश्नचिन्ह है। पूर्व उपराष्ट्रपति वैंकय्या नायडू के मन में हिन्दी को लेकर जो दर्द एवं संवेदना है, वही स्थिति सरकार से जुडे. हर व्यक्ति के साथ-साथ जन-जन की होनी चाहिए।

हिन्दी के लिये दर्द, संवेदना एवं अपनापन जागना जरूरी है। कोई भी देश बिना अपने राजभाषा के ज्ञान के तरक्की नहीं कर सकता है। क्षेत्रीय भाषाओं की आपसी समावेशी एवं समन्वयकारी सोच से ही वे समृद्ध होती गयी है। इसलिये इस बात को लेकर झगड़ा ही क्यों होना चाहिए कि किस भाषा में दूध, दही या किसी और वस्तु को क्या कहते हैं। बहुत सारे उत्पादों के नाम विदेशी भाषाओं से लिए गए हैं, मगर इससे तो कभी किसी ने ऐसा महसूस नहीं किया कि उस भाषा की संस्कृति हमारे ऊपर थोप दी गई है। फिर हिन्दी को लेकर ही यह दुराग्रह क्यों?

# इसरो अंतरिक्ष की दुनिया में कीर्तिमान स्थापित कर रहा

**योगेश**

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) अंतरिक्ष की दुनिया में निरन्तर कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में इसरो के वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में कई बड़े मुकाम हासिल किए हैं। अब इसरो ने पिछले दिनों कुल 5805 किलोग्राम वजनी 36 उपग्रह एक साथ लांच कर एक बार फिर नया इतिहास रच दिया। इसरो के बाहुबली कहे जाने वाले सबसे भारी भरकम प्रक्षेपण यान एलएमवी3 (लांच व्हीकल मार्क-3) ने ब्रिटिश कम्पनी के इन उपग्रहों को लेकर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से उड़ान भरी और इन उपग्रहों को लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) पर लांच कर दिया। इसरो द्वारा इस रॉकेट मिशन कोड का नाम एलएमवी3-एम3/वनवेब इंडिया-2 मिशन रखा गया था। रॉकेट लांच होने 19 मिनट बाद ही उपग्रहों के अलग होने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी और सभी 36 उपग्रह अलग-अलग चरणों में पृथक हो गए। लो अर्थ ऑर्बिट पृथ्वी की सबसे निचली कक्षा होती है और ब्रिटेन (यूके) स्थित नेटवर्क एक्सेस एसोसिएटेड लिमिटेड (वनवेब) के 36 उपग्रहों को अंतरिक्ष में स्थापित करने के बाद अब पृथ्वी की निचली कक्षा में उपग्रहों के समूह की पहली पीढ़ी पूरी हो गई है। इस सफल अभियान से दुनिया के प्रत्येक हिस्से में स्पेस आधार ब्रॉडबैंड इंटरनेट योजना में मदद मिलेगी। इस वर्ष फरवरी में एसएसएलवी-डी2/ईओएस07 मिशन के सफल लांच के बाद इसरो का यह दूसरा सफल लांच था। इसरो का 43.5 मीटर लंबा और 643 टन वजनी भारतीय रॉकेट एलएमवी3 अब तक चंद्रयान-2 मिशन सहित पांच सफल उड़ानें पूरी कर चुका है और 26 मार्च को इसकी छठी सफल उड़ान थी। एलएमवी3 को पहले जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल एमके3 (जीएसएलवी एमके3) के नाम से जाना जाता था। ब्रिटिश स्टार्टअप कम्पनी वनवेब में भारती एंटरप्राइजेज (एयरटेल) भी शेयर होल्डर है और वनवेब के 36 उपग्रहों की यह अंतिम किस्त थी। वनवेब के पास अभी तक अंतरिक्ष की कक्षा में 582 उपग्रह थे और अब इसरो का यह मिशन सफल होने के बाद भारत के भारती एंटरप्राइजेज और यूके सरकार की ओर से समर्थित ब्रिटेन की कम्पनी वनवेब के पास अंतरिक्ष में परिक्रमा करने वाले 618 उपग्रह हो गए हैं। वनवेब जेन-1 सैटेलाइट 150 किलोग्राम वर्ग के हैं। 26 मार्च को इसरो द्वारा लांच किए गए 36 उपग्रह वनवेब के लिए 18वां लांच था। वनवेब के मुताबिक इन उपग्रहों के जरिये वनवेब भारत सहित वैश्विक कवरेज देने में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। वनवेब के उपग्रह प्रक्षेपणों के जरिये भारत के विभिन्न उपक्रमों के अलावा स्कूलों, गांवों, नगर निगमों, कस्बों सहित उन क्षेत्रों में भी सुरक्षित सम्पर्क की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी, जहां फिलहाल पहुंच बनाना मुश्किल है। तारामंडल में 648 अलग-अलग उपग्रह शामिल हैं, जिनमें से 588 सक्रिय उपग्रह 12 विमानों में समान रूप से अलग होकर पृथ्वी की सतह से करीब 1200 किलोमीटर की ऊंचाई पर संचालित होते हैं। अंतर-विमान टकराव को रोकने के लिए प्रत्येक विमान को ऊंचाई में 4 किलोमीटर से अलग किया जाता है। पेलोड एक बेंट-पाइप सिस्टम है, जो कू और के बैंड में काम करता है। फॉरवर्ड लिंक गेटवे से के-बैंड सिग्नल को उपग्रह के एंटीना के माध्यम से प्राप्त करता है। इसरो के मुताबिक वापसी लिंक उपग्रह के एंटीना के माध्यम से उपयोगकर्ता टर्मिनलों (यूटी) से केयू-बैंड सिग्नल प्राप्त करता है। वनवेब का इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के साथ कुल 72 उपग्रह लांच करने का एक हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की लांच फीस का करार हुआ था, जिसमें से एक पिछले साल पूरा हो हो गया था, जब एलएमवी3 रॉकेट से ही इसरो ने 23 अक्तूबर 2022 को वनवेब के 36 उपग्रह लांच किए थे। अब फिर से इसी भारी भरकम रॉकेट से दूसरी बार इसी निजी कम्पनी के 36 उपग्रह सफलतापूर्वक लांच किए गए हैं और इस प्रकार एलएमवी3 की सफलता दर सौ फीसदी है।

# असली कुत्ता कौन

**डॉ. सुरेश कुमार**

**भौ-भौ** पार्टी के आलाकमान का माथा ठनका हुआ था। उन्होंने नोटिस जारी कर सभी कुत्तों को आपातकालीन बैठक में भाग लेने के लिए कहा। सड़कों, नालों, घरों, और खंभों के ईर्द-गिर्द रहने वाले सारे डॉगी दौड़े-दौड़े बैठक में आ धमके। आलाकमान के मुखिया भौभौराज का चेहरा तमतमा रहा था। तमतमाते चेहरे बहुत लंबी बैठक के आदी होते हैं। सो, भौ-भौ पार्टी के सभी सदस्य ऐसे लेट गए जैसे बहुमत की सरकार कुर्सी से चिपक जाती है। दुनिया भर को डराने वाले डॉगी आज खुद डर के मारे थरथरा रहे थे। आशंका जताई जा रही थी इस डर के पीछे लश्कर-ए-इंसान आतंकवादी संगठन का हाथ है।

भौ-भौ पार्टी के नेता भौभौराज ने लंबी सी जबान बाहर निकालते हुए भाषण देना आरंभ किया झ्र ये इंसान भी बड़े गजब के प्राणी हैं। सिर का जंजाल बनकर बैठ गए हैं। खुद को खूब भौंकते हैं और हमें भौंकने से मना कर देते हैं। इन्हें भौंकना, चाटना, सहलाना, जी हुजूरी करना, रंग बदलना सब आता है और हमें भौंकने के सिवाय कुछ नहीं आता है। कम से कम हमारा भौंकना तो हमारे लिए छोड़ सकते हैं। नहीं वे ऐसा नहीं करेंगे। ऐसा करने से उनकी शान में बट्टा लग जाएगा। हमने इनका क्या बिगाड़ा है जो हमारे जानीदुश्मन बन गए हैं। सभी जीवों यहाँ तक कि जड़ वस्तुओं की पूजा करने वाले न जाने क्यों हमारे पीछे पड़े रहते हैं, जैसे हमने इनका हक मार लिया हो। बार-बार हमारे नाम पर गाली-गलौज करते हैं। कमीने के लिए कुत्ता शब्द, दुश्मन के लिए कुत्ते मैं तेरा खून पी जाऊँगा और न जाने क्या-क्या अनाप-शनाप बकते रहते हैं। उन्हें कौन समझाए कि लश्कर-ए-इंसान से भला कोई हक मार पाया है, जो हम मार पायेंगे! हक मारने की कला तो उनके खून में बसती है। वैसे हम एक-दो छोटे-मोटे चूहे बिल्ली खाकर ही बड़े खुश हैं। इतना बोलते-बोलते भौभौराज साहब अचानक से रुक गए। देखते ही देखते आँखों से आँसुओं की लड़ी झरने लगी। फफक-फफकर रोने लगे।

फिर खुद को संभाला और कहा कोई हम से हमारा निवाला छीन ले तो हम उसे माफ कर सकते हैं। कोई हमारे रहने का ठिकाना बर्बाद कर दें तब भी हम चुप रह सकते हैं। लेकिन कोई हमारी पहचान छीन ले, यह हम हरगिज बर्दाश्त नहीं कर सकते।

# अन्ना गौवंश से टकराकर युवक को ट्रक ने कुचला

## घटना स्थल पर युवक की हुई मृत्यु - हाईवे पर लगा भारी जाम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** झांसी-मिजार्पुर राजमार्ग जिला मुख्यालय के पंजाब नेशनल बैंक के पास अन्ना गौवंश से टकराकर एक युवक ट्रक की चपेट में आ गया। इससे युवक की दर्दनाक मृत्यु हो गई। युवक की मृत्यु से गुस्साये लोगों ने हाईवे पर भारी जाम लगा दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है।

ये हादसा शनिवार की रात 10.40 बजे जिला मुख्यालय के पंजाब नेशनल बैंक के पास हुआ। बताया गया कि राजमार्ग पर स्थित गीता क्लीनिक के पीछे रहने वाले बीटीसी प्रशिक्षु अमर शुक्ला (26) पुत्र नारायणदत्त शुक्ला लेखपाल मोटरबाइक से घर जा रहा था। अन्ना गौवंश से टकराकर वह हाईवे से गुजर रहे ट्रक की चपेट में आ गया। इससे उसकी घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों के साथ गुस्साये लोगों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। लोगों का कहना था कि हाईवे पर आवारा मवेशी दिनभर टहलते रहते हैं। इससे आये दिन हादसे होते रहते हैं। हादसा इतना भयावह था कि दोनों ओर जाम से वाहनों की लम्बी कतारें लग गईं।

सूचना मिलते ही कर्वी कोतवाल दीपेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। तकरीबन डेढ घंटे तक वह लोगों को जाम हटाने को समझाते रहे। बमुश्किल लोगों ने जाम हटाकर यातायात बहाल किया।





नारायणदत्त शुक्ला के दो बेटे हैं, जिनमें अमर सबसे छोटा था। अमर अमेठी से आये दोस्तों से मिलकर घर लौट रहा था। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। परिजनों में कोहराम मचा है। परिजनों को ढांढस बंधाने को नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि अन्ना जानवरों को सडक से हटाने का अभियान चलायेंगे।

## अन्ना जानवरों को हटाने का चल रहा अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजमार्ग व अन्य मार्गों पर अन्ना जानवरों का विचरण होने से आये दिन हादसे हो रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ये हादसा अन्ना जानवर के चलते हुआ है। सडक हादसे के बाद नगर पालिका कर्मचारियों ने रविवार को दिनभर अन्ना जानवरों को पकडने में जुटे रहे। अन्ना जानवरों की सबसे ज्यादा भरमार हाईवे पर है। यहां से अधिकारी दिनभर गुजरते हैं। शम्भूबाबू पेट्रोल पम्प से लेकर पिपरावल पुल, चकरेही चैराहा, स्टेशन रोड, बस स्टैण्ड, एलआईसी से ट्राफिक चैराहा तक अन्ना जानवरों की भरमार देखी जा सकती है। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तकरीबन हर बैठक में अन्ना जानवरों को हटाने के निर्देश देते हैं, मातहतों पर इन निदेर्शों का कोई असर नहीं दिखता। इस बाबत नगर पालिका सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला ने बताया कि अन्ना जानवरों को सडक से हटाने का अभियान जारी है। पचास सफाई कर्मियों की दो पालियों में ड्यूटी लगाकर हाईवे से अन्ना जानवरों को हटाया जा रहा है।

# आशाभरी निगाह से अखिलेश की ओर देख रही जनता: महिला प्रदेश अध्यक्ष

## संगठन की हुई समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री/समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने संगठन की समीक्षा कर और अधिक मजबूती देने को कार्यकताओं को सचेत किया।

रविवार को सपा के निर्वतमान जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव की अध्यक्षता में प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत हुआ। मुख्यालय स्थित श्रीराम वाटिका गेस्ट हाउस में समीक्षा बैठक एवं प्रदेश अध्यक्ष/राष्ट्रीय अध्यक्ष के निदेर्शों से पार्टी के कार्यकताओं को जानकारी दी। महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में गरीब, किसान, महिलाएं, दलित, पिछड़ा, नौजवान सभी दुखी हैं। देश और प्रदेश का भविष्य सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर आशाभरी निगाहों से देख रहे हैं, क्योंकि भाजपा सरकार बनने के बाद नौजवानों को रोजगार नहीं मिला। कमरतोड़ महंगाई से गरीब किसान और समाज का हर वर्ग दुखी है। विकास के मामले में देश-प्रदेश पिछड़ चुका है। मोदी सरकार के पास विकास संबंधित कोई योजना नहीं है। भाजपा धर्म के नाम पर सत्ता में आई है और उसी के सहारे सत्ता में बनी रहना चाहती है, लेकिन अब देश और



प्रदेश की जनता भाजपा के जनविरोधी एजेंडे को पूरी तरह समझ चुकी है। आने वाले नगर निकाय और लोकसभा चुनाव में भाजपा का सफाया करने जा रही है।

जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि भाजपा झूठी और मायावी पार्टी है। विकास, बेरोजगारी, महंगाई और बिगड़ी कानून व्यवस्था से इसका कोई लेना देना नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी समाज में वैमनस्यता फैलाने का काम कर रहे हैं। जिले में सपा सरकार के समय हजारों विकास योजनाएं अखिलेश यादव ने देने का काम किया है। चाहे राजापुर और मानिकपुर में तहसील देने का काम रहा हो या यमुना नदी पर पुल बनाने का काम रहा हो। मुख्यालय में ओवर ब्रिज बनाने का काम रहा हो या फिर जिले की विद्युत व्यवस्था सुधारने का काम रहा हो या फिर जरूरतमंद महिलाओं को समाजवादी पेंशन देने का काम रहा हो। लैपटॉप और किसानों को राहत पैकेज देने का काम रहा हो, सारे के सारे काम समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किये हैं।

बैठक का संचालन जिला प्रवक्ता सुभाष पटेल ने किया। समीक्षा बैठक में महिला सभा की जिलाध्यक्ष उर्मिला निषाद, रामादेवी यादव, प्रेमलता, संगीता कुशवाहा, ज्योति यादव, गीता सिंह, राजकुमारी निषाद, मोहम्मद गुलाब खान, रमेशचंद शास्त्री, जागेश्वर यादव, मान सिंह पटेल, पप्पू जायसवाल, सियाराम गुप्ता, लवकुश अग्रहरि, सीताराम कश्यप, मेवालाल सविता, अमर सिंह पटेल, दादू भाई यादव, रोहित यादव, रामनरेश अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### डीएम की प्रेरणा से जारी है कामदगिरि में सफाई अभियान



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की प्रेरणा से ईओ नगर पालिका लगातार कामदगिरि में सफाई अभियान चला रहे हैं। समिति के अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर राकेश केशरवानी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान एक स्वच्छता का मिशन है। इस मिशन में सभी लोगों को भागीदारी निभानी चाहिए।

रविवार को ईओ नगर पालिका लालजी यादव ने कहा कि महात्मा गांधी ने भारत को एक निर्मल और स्वच्छ देश बनाने का सपना देखा था। उस सपने को सभी लोगों को साकार करने का प्रयास करना चाहिए। कामतानाथ परिक्रमा मार्ग में पहले भारी कूडा-करकट निकलता था। अभियान के चलते काफी हद तक कूडा-करकट कम हो गया है। अभियान में तकरीबन सफलता मिली है।

खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता के बारे में चिन्तन करना चाहिए। सरकारी संस्थायें अपने स्तर से काम कर रही हैं। आम जनता को भी सहयोग करना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयक शिवा कुमार ने कहा कि स्वच्छता को निरंतर अपनी आदत में शामिल करना चाहिए। अपने आसपास अगर कोई गन्दगी करता है तो उसे समझाने का प्रयास करें। सफाई अभियान में राजेन्द्र त्रिपाठी, अंजू वर्मा, शुभम केशरवानी, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, सुमित, विवेक केशरवानी, जानकी कुशवाहा, जितेन्द्र, अंकुर, दशरथ, विनोद कुमार व नगर पालिका की टीम शामिल रही।

### परिवार के साथ खुशी मनाने में किसी को क्या एतराज: सीएमएस



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी व जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा के बेहतरीन कार्य करने से शासन से उन्हें ईनाम बख्शा गया है। ईनाम मिलने की खुशी व कायाकल्प कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के पूरे स्टाफ के साथ सीएमएस के गाने पर नृत्य करने का वीडीओ वायरल कर कुछ लोगों ने सवाल उठाये हैं, जबकि पूरे स्टाफ के साथ खुशी मनाने में किसी को एतराज नहीं होना चाहिए।

रविवार को स्वास्थ्य विभाग का वीडीओ वायरल कर लोगों ने सीएमएस के ठुमके लगाने पर एतराज जताया था। इसे लेकर सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा ने कहा कि सीएमओ व जिला अस्पताल के सभी डॉक्टरों व स्टाफ ने शासन से ईनाम बख्शने व कायाकल्प कार्यक्रम में खुशी मनाई थी। यह खुशी मनाने का अधिकार सबको है। कायाकल्प योजना में उत्कृष्ट कार्य पर प्रोत्साहन राशि मिलने पर स्टाफ के लोगों ने खुशी मनाई तो किसी को क्या एतराज हो सकता है।

जिला अस्पताल का स्टाफ एक परिवार है। परिवार के साथ अच्छा बर्ताव करने व साफ-सफाई आदि अच्छी होने पर प्रोत्साहन राशि शासन से मिली है। ऐसे में पूरे स्टाफ के साथ डिनर का कार्यक्रम था। कार्यक्रम में सभी लोग खुशी-खुशी शामिल हुए थे। ऐसे में लोगों ने कुछ देर के लिए अपना मनोरंजन कर लिया तो इसमें किसी को क्या एतराज हो सकता है।

### निबंध एवं मेहंदी प्रतियोगिता में अव्वल आए प्रतियोगियों को किया गया पुरस्कार वितरण

**गाजियाबाद।** कौशल विकास उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान गाजियाबाद के तत्वावधान में दिनांक 31 मार्च 2023 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में जनपद गाजियाबाद के विभिन्न विभिन्न ब्लॉकों में कराए गए निबंध/मेहंदी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय महर्षि दयानंद गुरुकुल संस्कृत महाविद्यालय के हॉल में किया गया क

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के वंदन से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रीता सिंह उपाध्यक्ष प्रबंधन समिति जन शिक्षण संस्थान गाज़ियाबाद रही,का स्वागत संस्थान के निदेशक डॉ राजेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि संस्थान की प्रबंधन समिति मेंबर अनिता गोयल,जस्सी अनपुरनॉ,महिला उन्नति प्रशिक्षण संस्थान की अध्यक्ष दुर्गेश शर्मा,एड. आदित्य शर्मा,होली क्रॉस हॉस्पिटल की इंचार्ज सिस्टर तेरेश मेरी,डॉ रेणुका भारद्वाज,डॉ शिवानी शर्मा,सामाजिक कार्यकर्ता अंजला,मनु गोस्वामी,प्रीति गुप्ता रही। जन शिक्षण संस्थान गाजियाबाद के निदेशक डॉ राजेंद्र सिंह ने बताया कि जिसमें ज्ञान हो वह महिला सशक्त है। ज्ञान सभी व्यक्ति की उन्नति के लिए आवश्यक बताया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि ने लाभार्थियों को प्रशिक्षण सुचारु रूप से प्राप्त करने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बताया कि महिलाओ को जागरूक होना और सभी को जागरूक करना चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में निबंध और मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन जन शिक्षण संस्थान गाजियाबाद द्वारा कराया गया जो बहुत ही सराहनीय है और बताया कि भारत सरकार के द्वारा आपको निशुल्क प्रशिक्षण कराया जा रहा है व प्रशिक्षण के लिए निशुल्क सामग्री भी दिया जा रहा है।

# खरौंध गांव में अधेड की गला घोंटकर हुई हत्या

## एसपी ने पदार्फाश के दिये निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाली क्षेत्र खरौंध गांव में रात में डेरा में सो रहे वृद्ध की अज्ञात लोगों ने गला घोंटकर हत्या कर दी। हत्या की सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है। शव के पास दीवार में एक मोबाइल नम्बर के साथ लिखा मिला कि तीन लाख रुपये लेकर मिलो।

हत्या की ये घटना शनिवार की रात अज्ञात समय में कोतवाली कर्वी के खरौंध गांव में हुई। बताया गया कि खरौंध गांव का प्यारेलाल वर्मा (62) गांव के बाहर डेरा में रहकर खेतों की



रखवाली करता था। शनिवार की शाम डेरा गया था। रविवार को सवेरे काफी देर तक घर न आने पर परिजनों ने मौके पर जाकर देखा तो वह चारपाई पर मृत अवस्था में मिला। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कर्वी कोतवाल दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि शव के पास दीवार पर एक मोबाइल नम्बर के साथ लिखा है कि तीन लाख रुपये लेकर मिलना। जांच में पता चला कि ये मोबाइल नम्बर पहाडी ब्लाक में तैनात एक सचिव का है।

पुलिस घटना की बारीकी से जांच कर रही है। मृतक के गले को किसी लाठी-डण्डे से दबाने के निशान हैं। इससे साफ जाहिर है कि मामला हत्या का है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने मातहतों को घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिये हैं। परिजनों को संदेह है कि कातिल ने दीवार पर किसी का मोबाइल नम्बर क्यों लिखा, ये समझ से परे है।

# रमजान माह में गन्दगी से गुजरकर मस्जिद जाते लोग

## कोलगदहिया गांव में फैली गन्दगी से लोग परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी के सदर अध्यक्ष हाजी रज्जन अली ने कर्वी ब्लाक के अपने गांव कोलगदहिया में भारी गन्दगी फैले होने की शिकायत जिलाधिकारी से की है। उन्होंने कहा कि गांव में चार-चार सफाई कर्मी तैनात हैं। इसके बाद भी गांव में भारी गन्दगी फैलने से लोग संक्रामक रोगों की चपेट में आ रहे हैं।

रविवार को कर्वी ब्लाक के कोलगदहिया गांव के गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा कमेटी के सदर अध्यक्ष हाजी



रज्जन अली ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि गांव में चार सफाई कर्मी तैनात हैं। छह माह से गांव की सफाई नहीं की गई। गांव की सभी नालियां चोक हो चुकी हैं। नालियों में घास उग आई है। पूरा रास्ता गन्दगी से भरा रहता है। गांव के लोग कीचडयुक्त गन्दगी से गुजरकर आने-जाने को मजबूर हैं। रामनवमी के पर्व में भी गन्दगी से गुजरकर जवारा लेकर श्रद्धालु निकले थे। गांव के सचिव को दस बार फोनकर शिकायत भी की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

उन्होंने बताया कि रमजान शरीफ का माह चल रहा है। मस्जिद आने-जाने वाले लोग गन्दगी के रास्ते से गुजरकर जाने को मजबूर हैं। गांव में गन्दगी के चलते मच्छरों के प्रकोप से लोग संक्रामक रोगों की गिरफ्त में हैं। गांव का सर्वे कराकर देखा जा सकता है। उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि गांव में नालियों की सफाई कराकर लोगों को बीमारी से निजात दिलायें। ददोला ठाकुर के घर से मस्जिद तक, जमुना साहू के घर से रामगुलाम प्रधान व गौशाला तक, कुम्हारों के घर से स्कूल तक तथा प्राइमरी व जूनियर स्कूल तक भारी गन्दगी फैली है। बच्चे भी गन्दगी से गुजरकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। उन्होंने गांव की सफाई करवाने की गुहार लगाई है।

### अलग-अलग थाना पुलिस ने आठ को भेजा जेल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर कोतवाली कर्वी पुलिस ने नाबालिग के साथ छेडखानी के आरोपी को दबोचकर जेल भेजा है।



रविवार को चैकी प्रभारी जिला कारागार श्यामदेव सिंह की टीम ने नाबालिग के साथ छेडखानी के आरोपी राजा उर्फ रजवा लोध पुत्र चुन्नू लोध निवासी काशीराम कालोनी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उसके कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा 315 बोर व कारतूस भी बरामद की है। पुलिस टीम में चैकी प्रभारी श्यामदेव सिंह व सिपाही संजय पाल शामिल रहे।

इसी क्रम में रैपुरा थाने के दरोगा सिद्धनाथ राय की टीम ने सत्यनारायण प्रजापति पुत्र स्व रामभवन निवासी बटखरा के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम में चालान किया है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सरधुआ थाने के दरोगा अनिल कुमार गुप्ता ने वांछित सत्तू निषाद पुत्र शिवदयाल निवासी चांदी, बच्चा निषाद पुत्र देवीदयाल निवासी अमवा तथा रामप्रसाद पुत्र रामदेव निवासी बरद्वारा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। टीम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता, दरोगा जैनुद्दीन खां, दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, दीवान मुस्तकीम खां, सिपाही पुष्पेन्द्र कुमार व महिला सिपाही रचना प्रजापति शामिल रहे। मऊ थाने के निरीक्षक कमलेश कुमार की टीम ने अपहरण के वारंटी जवाहरलाल पुत्र सत्यनारायण निवासी कस्बा मऊ को गिरफ्तार किया है। मऊ थाने के दरोगा विजयबहादुर की टीम ने कोतवाली कर्वी के वारंटी रज्जू यादव पुत्र फूलचन्द्र निवासी खंडेहा को गिरफ्तार किया है। बरगढ थाने के दरोगा प्रभुनाथ यादव ने चोरी के मामले में वारंटी छोटेलाल पुत्र समयलाल निवासी पहाडी पुरवा मजरा सेमरा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### स्कूल चलो अभियान रैली एवम नि:शुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम सकुशल संपन्न

सेवापुरी विधानसभा के ग्राम सभा बरकी स्तिथ कंपोजिट विद्यालय बरकी में स्कूल चलो अभियान रैली एवम् निःशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान बरकी राजनाथ ने कहा कि ये बच्चे आज जो हमारे समक्ष उपस्थित है ये सिर्फ किसी माता - पिता के पुत्र या पुत्री ही नहीं है बल्कि आने वाले पीढ़ी का एक चमकता हुआ सूरज है।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमलेश चन्द्र ने कहा कि आज के दौर में कान्वेंट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे ज्यादातर एक संपन्न परिवार से होते है लेकिन आज स्कूल चलो अभियान के उपरांत मै कहना चाहूंगा कि मन में विश्वास होना चाहिए अगर कोई भी व्यक्ति दृढ़ संकल्पित है तो सरकारी स्कूल भी कान्वेंट स्कूलों से कम नहीं है। उक्त कार्यक्रम के दौरान अध्यापक बृजेश कुमार,राकेश बिंद,धर्मेन्द्र कुमार,संतोष कुमार, अजीत कुमार,श्याम कुमार,संजय,सत्येन्द्र कुमार,विजय बहादुर, मनोज कुमार के साथ सभी अभिभावक गण उपस्तिथि रहे।

# सेवा ही उत्थान के मूल मंत्र है: डा मोहन भागवत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संघ प्रमुख डा मोहन भागवत ने दो दिवसीय चित्रकूट प्रवास दौरान जानकीकुंड में स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के निजी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

रविवार को ट्रस्ट का भ्रमण कर ट्रस्ट से संचालित प्रकल्पों को देखा। रघुवीर मंदिर युगल सरकार के दर्शन कर गौशाला में गौ पूजन कर चिकित्सालय का भ्रमण किया। ट्रस्ट अध्यक्ष विशद भाई मफतलाल एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रूपल मफतलाल तथा उनके परिजनों ने उन्हें शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह



देकर सदगुरु परिवार की ओर से उनका स्वागत किया। सरसंघ चालक डा मोहन भागवत ने कहा कि ट्रस्ट में पूज्य गुरुदेव की प्रेरणा से चल रहे मानव सेवा, गौ सेवा एवं साधु सेवा के कार्य देखकर प्रसन्नता जताई। चित्रकूट जैसे ग्रामीण अंचल में बड़े पैमाने पर हो रही इन सेवाओं की सराहना की।

उन्होंने कहा कि सेवा का सुअवसर मनुष्य को सौभाग्य से मिलता है। मानव जीवन में उत्थान का यही मूलमंत्र है कि पूरी क्षमता से स्वयं को सेवा कार्यों में संलग्न रखें। उन्होंने सेवाकार्य में जुड़े सभी कार्यकताओं को शुभकामनाएं दी। चित्रकूट प्रवास बाद प्रयागराज को रवाना हुए।

## ह्यूस्टन विवि में स्थापित होगी भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की पीठ

**ह्यूस्टन (टेक्सास)** । अमेरिका के ह्यूस्टन विश्वविद्यालय में जल्द ही भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) की पीठ स्थापित होगी। इसका प्रमुख मकसद तमिल भाषा साहित्य और संस्कृति पर शोध को बढ़ावा देना है। इस संबंध में आईसीसीआर और ह्यूस्टन विश्वविद्यालय ने 29 मार्च को समझौता किया है।

यह भारतीय अध्ययन कार्यक्रम को बढ़ावा देने के विश्वविद्यालय में वर्षों से हो रहे प्रयासों का सबसे बड़ा नतीजा है। विश्वविद्यालय की प्रमुख रेणु खाटोर ने इसके लिए भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद का आभार जताया है। रेणु 2008 से इस विश्वविद्यालय का नेतृत्व कर रही है। विश्वविद्यालय की अगुवाई करने वाली वह पहली प्रवासी भारतीय हैं।उन्होंने कहा कि भारतीय अध्ययन की आईसीसीआर पीठ के पद पर भारत के विद्वान आसीन होंगे। यह विद्वान तमिल भाषा के विशेषज्ञ होंगे। ह्यूस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत असीम महाजन ने इस समझौते पर खुशी जताई है। महाजन ने कहा है कि तमिल भाषा को दुनिया की सबसे पुरानी भाषा माना जाता है। यह अमेरिका में बोली जाने वाली शीर्ष पांच भाषाओं में शामिल है। अमेरिका में लगभग तीन लाख तमिल-अमेरिकी हैं।

## इजरायल में न्यायिक सुधारों के खिलाफ लोगों का तेल अवीव में प्रदर्शन

**तेल अवीव (इजरायल)**। इजरायल में न्यायिक सुधार योजना का फिर विरोध शुरू हो गया है। लोगों ने इस योजना को पूरी तरह रद्द करने की मांग की है। इजरायल के हजारों नागरिकों ने यह मांग करते हुए यहां प्रदर्शन किया। इजरायल के तटीय शहर तेल अवीव में लोग इस मसले पर सबसे ज्यादा मुखर हैं। प्रधानमंत्री नेतन्याहू की दक्षिणपंथी सरकार की सुधार योजनाओं पर लोगों की नाराजगी सड़कों पर साफ नजर आ रही है। हजारों नागरिक देश का झंडा और नारे लिखी तख्तियां लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। चार जनवरी को लाई गई इस योजना के बाद समूचा इजरायल विरोध की चिंगारी से झुलस रहा है।

## मिस्र और सीरिया ने की आतंकवाद पर चर्चा

**काहिरा**। मिस्र के विदेश मंत्री सामेह शौकरी ने अपने सीरियाई समकक्ष फैसल मेकदाद के साथ द्विपक्षीय संबंधों बातचीत की। इस चर्चा में आतंकवाद का मुद्दा भी उठा। मेकदाद एक दशक से अधिक समय बाद पहली बार काहिरा पहुंचे। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

मिस्र के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अहमद अबू जैद ने यहां जारी बयान में कहा कि दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न मसलों, समस्याओं और उनके उपायों पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि व्यापक राजनीतिक समझौता हासिल करने से सीरिया के मामलों में विदेशी हस्तक्षेप समाप्त होगा। सीरिया को पूर्ण सुरक्षा की गारंटी मिलेगी। सभी प्रकार के आतंकवाद को खत्म किया जा सकेगा।

## इटली में अंग्रेजी पर प्रतिबंध की तैयारी

**रोम**। इटली में सरकार अंग्रेजी भाषा के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने जा रही है। प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी ने नया कानून पेश किया है। इसके उल्लंघन पर एक लाख यूरो ((1,08,705 अमेरिकी डॉलर) तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इटली की चैंबर ऑफ डेप्युटीज (लोअर हाउस) में फैबियो रामपेली ने यह कानून पेश किया।

इसका प्रधानमंत्री ने समर्थन किया। इस कानून में किसी भी विदेशी भाषा के इस्तेमाल नहीं करने के बारे में बात की गई है, लेकिन यह विशेष रूप से एंग्लोमेनिया या अंग्रेजी शब्दों के उपयोग पर केंद्रित है। इसमें कहा गया है कि विदेशी भाषा का इस्तेमाल देश की भाषा इतालवी को अपमानित करता है। ऐसे समय में यह और भी बुरा है जब ब्रिटेन अब यूरोपीय संघ का हिस्सा नहीं है। इस कानून पर अब संसद में बहस होगी। यह कानून आधिकारिक दस्तावेजों में अंग्रेजी के उपयोग पर भी प्रतिबंध लगाता है।

## पाकिस्तान में भूकंप से तीन बच्चों की मौत

**कराची**। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के चमन शहर में भूकंप से तीन बच्चों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। भूकंप का केंद्र बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा से 60 किलोमीटर दूर उत्तर पश्चिम में था। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 3.5 मापी गई।

अधिकारियों के मुताबिक यह हादसा दूरस्थ ईरान की सीमा से सटे शहर चमन में हुआ। यहां मिट्टी से बना घर भूकंप के दौरान ढह गया। तीनों बच्चे घर में थे। मलबे में दबने से तीनों की मौत हो गई। खबर मिलते ही राहत और बचाव अमले को चमन रवाना किया गया है।

# अमेरिका में टोरनेडो से 26 लोगों की मौत:60 तूफानों ने 8 राज्यों में तबाही मचाई, हालातों से निपटने के लिए इमरजेंसी लगाई

**जॉर्जिया**। अमेरिका में आए दर्जनों खतरनाक टोरनेडो में 26 लोगों ने जान गवां दी। हालात इतने बुरे हो गए कि अमेरिका के साउथ और मिडवेस्ट के कई राज्यों में इमरजेंसी लगानी पड़ी। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के सात राज्यों में 60 तूफान आए जिससे वहां 8 राज्यों में खतरनाक तबाही मची। इनसे 8 करोड़ लोगों की जिंदगी प्रभावित हुई। खतरनाक तूफान से अर्कान्सस में तो एक स्कूल की छत ही उड़ गई।

**अर्कान्सस के लिटल रॉक इलाके में टोरनेडो से मची तबाही**

अर्कान्सस के लिटल रॉक इलाके में टोरनेडो से मची तबाही

**तूफान से बचने के लिए बाथरूम में छिपे**

सबसे ज्यादा 7 मौत अमेरिका के टेनेसी प्रांत में हुई। वहीं, अर्कान्सस में 5 और इलिनॉय में 4 लोगों की जान चली गई। एशली मैकमिलन नाम की एक महिला ने एपी को बताया कि जब उनके इलाके से टोरनेडो गुजरा तो उन्हें अपनी पति, बच्चों और कुत्ते के साथ छोटे से बाथरूम में जाकर छिपना पड़ा।

टोरनेडो जहां से भी गुजरा अपने पीछे तबाही का मंजर छोड़ गया। बड़े-बड़े पेड़ उखड़ कर जमीन पर गिर गए और घरों के दरवाजे, खिड़कियां टूट गए। एशली ने बताया कि उन्हें अब भी



अपना घर हिलता हुआ महसूस हो रहा है। अर्कान्सस में 2600 इमारतों को नुकसान हुआ है। शनिवार की दोपहर तक 34 हजार लोगों के घरों में बिजली नहीं थी।

**कॉन्सर्ट के दौरान छत गिरने से चार लोग मरे**

इलिनॉय के बेल्विडेयर में एक कॉन्सर्ट के दौरान थियेटर की छत गिर गई जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई। हादसे के दौरान वहां पर 260 लोग मौजूद थे। कॉन्सर्ट में आई जेसिका नाम की एक महिला ने रॉयटर्स को बताया कि एक दम से लाइट चली गई और तेज आवाज आई। लगा कि सब कुछ गिर रहा है। छत गिरने से एक 50 साल के अधेड़ मलबे में फंस गया, इमरजेंसी सर्विसेज के पहुंचने तक उसकी मौत हो गई। हादसे में अधेड़ समेत चार लोगों की जान चली गई। वहीं, सुलिवन के मेयर क्लिंट लैंब ने रिपोर्टर्स को बताया कि इलाके में इतनी तबाही मची है कि कुछ पहचान में ही नहीं आ रहा है।अमेरिका की नेशनल वेदर सर्विस के अनुसार, वैसे तो टोरनेडो दुनिया में कभी आ सकते हैं, लेकिन अमेरिका में ये सबसे ज्यादा संख्या में आते हैं। अमेरिका में ही सबसे ज्यादा टोरनेडो कांसस, ओकलाहोमा, टेक्सास जैसे मैदानी इलाकों में ज्यादा आते हैं। नेशनल ओशियेनिक एटमोस्फेयरिक एडमिनिस्ट्रेशन का कहना है कि टोरनेडो की वजह से अमेरिका में हर साल 50 जानें चली जाती हैं। वहां 2011 के वसंत में बहुत ही विनाशकारी टोरनेडो आए थे जिसमें 580 से ज्यादा लोगों ने अप्रैल और जून में अपनी जान गंवा दी थी। अनुमान लगाया गया है कि उनसे 21 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था।

## नेपाल में प्राज्ञिक छात्र परिषद का नौवां अधिवेशन धनगढ़ी में शुरू

**काठमांडू**। नेपाल में हिन्दुत्व पर आस्था रखने वाले प्राज्ञिक छात्र परिषद का नौवां राष्ट्रीय अधिवेशन धनगढ़ी में शुरू हो गया है। नेपाल के महालेखा परीक्षक टंकमणी शर्मा ने राष्ट्रीय अधिवेशन सत्र का उद्घाटन किया।

परिषद के नौवें सत्र ने अध्यक्ष के तौर पर डॉ. गोपीनाथ कंडेल को चुना है। इसी तरह परिषद ने बताया कि बिष्णु प्रसाद पंगेनी को राष्ट्रीय महासचिव चुना गया है। समारोह में भारत से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

स्वागत समिति के महासचिव के रूप में धनगढ़ी उप महानगर के गोपाल हमाल ने अधिवेशन के उद्घाटन में भाग लिया। उन्होंने सम्मेलन में भाग लेने वाले छात्रों का स्वागत किया। इससे पहले शुक्रवार को प्राज्ञिक छात्र परिषद की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई थी। बैठक में विशिष्ट अतिथि



के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचार विभाग प्रमुख सुनील अंबेकर शामिल हुए थे। साथ ही हिन्दू स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय संघ नेता वेद प्रकाश, प्रचार विभाग के प्रमुख डॉ. दीपक कुमार अधिकारी बतौर अतिथि शामिल हुए। बैठक में नेपाल के प्राज्ञिक छात्र परिषद के राष्ट्रीय संगठन सचिव नारायण ढकाल और निवर्तमान महासचिव छितराज न्यौपाने ने भाग लिया। प्राज्ञिक छात्र परिषद परिषद नेपाल हिन्दुत्व पर आस्था रखने वाले छात्रों का एक शक्तिशाली संगठन है और इसमे लाखों छात्र शामिल हैं।

## मैक्सिको में हवा में उड़ रहे हॉट एयर बैलून में लगी आग, आसमान से कूद पड़े टूरिस्ट

**मैक्सिको**। मैक्सिको का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें एक हॉट एयर बैलून हवा में उड़ रहा है और उसमें अचानक से आग लग गई। इस बीच, जान बचाने के लिए कुछ लोग बैलून से नीचे कूदते हुए दिखाई दे रहे हैं। क्षेत्रीय सरकार ने बताया कि एक अप्रैल को ये घटना मेक्सिको सिटी के पास प्रसिद्ध टियोतिहुआकैन पुरातत्व स्थल के पास की है। इस हादसे में आग से झुलसकर दो लोगों की मौत हो गई। मेक्सिको स्टेट गवर्नमेंट ने कहा कि कुछ यात्री गुब्बारे से कूद गए। इस हादसे में एक बच्चा भी झुलस गया। मृतक लोगों की पहचान एक 39 वर्षीय महिला और एक 50 वर्षीय व्यक्ति के रूप में की गई है। इस हादसे में एक बच्चे का चेहरा आग से पूरी तरह से झुलस गया था। इसके साथ ही उसका दाहिना पैर भी फ्रेक्चर हो गया था।



**हादसे से जुड़ी और जानकारी**

फिलहाल यह साफ नहीं हो सका है कि हॉट एयर बैलून पर कितने यात्री थे।

एयर बैलून में जैसे ही आग लगी, कई टूरिस्ट उससे कूद पड़े। मामला सूर्य और चंद्रमा के पिरामिड और इसके एवेन्यू ऑफ द डेड के साथ टियोतिहुआकैन एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल का है। पर आस्था रखने वाले छात्रों का एक शक्तिशाली संगठन है और इसमे लाखों छात्र शामिल हैं।

## नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती, डॉक्टर कर रहे निगरानी

**काठमांडू**। नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को पेट में दर्द की शिकायत के बाद रात काठमांडू के त्रिभुवन यूनिवर्सिटी टीचिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अस्पताल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति पौडेल को शनिवार देर रात अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह डॉक्टरों की निगरानी में हैं।

78 वर्षीय पौडेल दो हफ्ते पहले ही नेपाल के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है। पिछले महीने हुए राष्ट्रपति चुनाव में नेपाली कांग्रेस पार्टी के नेता रामचंद्र पौडेल को 33,802 मत मिले थे। पौडेल को संसद के 214 सदस्यों और प्रांतीय विधानसभाओं के 352 सदस्यों का समर्थन मिला



था। पौडेल आठ दलों के गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार थे। इनमें नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल- माओइस्ट सेंटर (सीपीएन- माओइस्ट सेंटर) शामिल थीं। 14 अक्टूबर 1944 को बाहुनपोखरी में एक मध्यमवर्गीय किसान परिवार में जन्मे पौडेल युवा अवस्था में ही राजनीति से जुड़ गए थे। वह साल 1970 में नेपाली कांग्रेस की छात्र इकाई नेपाल स्टुडेंट्स यूनियन के संस्थापक सदस्य बने।

पौडेल वर्ष 1980 में नेपाली कांग्रेस (प्रतिबंधित) के तन्हुं जिला समिति के उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए। वर्ष 1987 में उन्हें पदोन्नति मिली और पार्टी की केंद्रीय कार्य समिति में जगह दी गई। इसी साल उन्हें पार्टी प्रचार समिति का सदस्य बनाया गया। वर्ष 2005 में पौडेल पार्टी के महासचिव बने, वर्ष 2007 में वह पार्टी के उपाध्यक्ष बनाए गए। उन्होंने वर्ष 2015 में कार्यवाहक राष्ट्रपति की भूमिका भी निभाई।

## नकदी की कमी से जूझ रहा चीन, वरिष्ठ नागरिकों के लिए चिकित्सा लाभों में की कटौती

**बीजिंग**। अकोरोना नीति के कारण चीन नकदी की तंगी से जूझ रहा है और यही कारण है कि सरकार चिकित्सा लाभों में कटौती कर रही है और सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने की योजना बना रही है, जो बेहद खराब कदम है इससे लोग नाराज हो सकते हैं। वहीं मासिक चिकित्सा लाभ भुगतान में बड़ी कटौती का विरोध करने के लिए हजारों बुजुर्ग जनवरी से सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। वे



देश भर के चार प्रमुख शहरों में इकट्ठा हुए हैं और स्थानीय अधिकारियों से फैसले को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। चीनी अधिकारियों को चिंता है कि ये विरोध और फैल सकता है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट ने बताया कि ये बदलाव मुख्य रूप से सार्वजनिक चिकित्सा बीमा कोष में घाटे को कवर करने के उद्देश्य से एक राष्ट्रीय ओवरहाल का हिस्सा हैं, जो पिछले तीन वर्षों में बड़े पैमाने पर परीक्षण, अनिवार्य संगरोध और अन्य महामारी नियंत्रण के लिए भुगतान करने के बाद समाप्त हो गए हैं।

## किम जोंग के बम-ईंधन में विस्तार के आदेश के बाद एक्शन में उत्तर कोरिया, परमाणु साइट पर देखी गई हलचल

**वाशिंगटन**। उत्तर कोरिया के परमाणु साइट पर हलचल देखी गई। अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि किम जोंग उन के बम-ईंधन के ऑर्डर के बाद तीन और 17 मार्च को मुख्य परमाणु साइट योंगब्योन पर हलचल देखी गई थी और जल्द ही नॉर्थ कोरिया परमाणु परीक्षण कर सकता है।

अमेरिकी थिंक टैंक ने बताया कि उत्तरी कोरिया के नेता


**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक

स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति

द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं

क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक**

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।


पर निर्माण शुरू हो गया है। इसके अलावा उस रिएक्टर के कूलिंग



सिस्टम से पानी के निर्वहन का पता चला था। योंगब्योन के यूरेनियम संवर्धन संयंत्र के आसपास नया निर्माण भी शुरू हो गया है, जिससे इसकी क्षमताओं का विस्तार होने की संभावना है।

रिपोर्ट में उत्तर कोरियाई नेता का जिक्र करते हुए कहा गया है कि ये घटनाक्रम किम जोंग उन के हालिया निर्देश को दर्शाते हैं कि देश के परमाणु हथियारों के शस्त्रागार का विस्तार करने के लिए देश के विखंडनीय सामग्री का उत्पादन को बढ़ाया जाए। मंगलवार को उत्तर कोरिया ने नए छोटे परमाणु हथियारों का अनावरण किया था और दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यासों की निंदा करते हुए अपने शस्त्रागार का विस्तार करने के लिए अधिक हथियार-ग्रेड परमाणु सामग्री का उत्पादन करने की कसम खाई थी। नार्थ कोरिया के सरकारी मीडिया ने कहा कि किम जोंग ने देश के परमाणु शस्त्रागार को तेजी से बढ़ाने के लिए दूरदर्शी तरीके से हथियार-ग्रेड सामग्री के उत्पादन का आदेश दिया है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि उत्तर कोरिया ने अपने द्वारा प्रदर्शित किए गए छोटे हथियारों पर फिट होने के लिए पूरी तरह से छोटे परमाणु हथियार विकसित किए हैं या नहीं। लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि अगर यह 2017 के बाद पहली बार परमाणु परीक्षण फिर से शुरू करता है तो इस तरह के हथियारों को बेहतर बनाना एक महत्वपूर्ण लक्ष्य होगा।

**अमेरिका और साउथ कोरिया ने दी थी चेतावनी**

दक्षिण कोरिया और अमेरिका ने 2022 की शुरुआत में ही चेतावनी दी थी कि उत्तर कोरिया किसी भी समय परमाणु परीक्षण फिर से शुरू कर सकता है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट ने बीते साल एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया था कि उत्तर कोरिया ने 20 परमाणु हथियार इकट्ठे किए हैं और शायद 45-55 परमाणु उपकरणों के लिए उसके पास पर्याप्त सामग्री है।

## आसियान देशों के बीच तेजी से बढ़ रहा भारत का प्रभाव, चीन से मोहभंग

**सिंगापुर**। आसियान देशों के बीच अब भारत का कद तेजी से बढ़ रहा है। सिंगापुर के यूसुफ इशाक इंस्टीट्यूट की सर्वे एजेंसी आईएसईएसए ने हाल में आसियान देशों में एक सर्वेक्षण किया। इसमें इन देशों के लोगों में चीन के बजाय भारत के साथ जाने वाले लोगों की संख्या में बड़ा उभार आया है।

यूरेशियन टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के प्रति मोह भंग होने के पीछे अमेरिका के साथ बढ़ता तनाव बड़ी वजह है। बीते वर्ष की तुलना में आसियान देशों में भारत की स्वीकृति में 50त्न से




ज्यादा की वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष तक इन देशों में भारत की अप्रूवल रेटिंग 5.1 थी, जो अब 11.3 हो गई है। छह देशों की सूची में से ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन व दक्षिण कोरिया के बाद भारत तीसरे स्थान पर है। भारत को यह रेटिंग इस तथ्य के बाद मिली है कि भारत ने रूस के साथ तटस्थ संबंध बनाए रखे हैं। सर्वे से पता चलता है, आसियान में चीन की लोकप्रियता में कमी आई है। 2022 में इन देशों के 76.7त्न लोग दक्षिण पूर्व एशिया में चीन को सबसे प्रभावशाली आर्थिक शक्ति मानते थे, जबकि 2023 में ऐसे लोगों की संख्या घटकर 59.9फीसदी रह गई है।

## सेना को पट्टे पर जमीन नहीं दे सकेगी सरकार, अदालत ने लगाई रोक

**लाहौर**। लाहौर उच्च न्यायालय ने पंजाब की कार्यवाहक सरकार को पट्टे पर पाकिस्तान की सेना को लगभग 45,000 एकड़ जमीन सौंपने से रोक दिया है। पाकिस्तान की मीडिया के मुताबिक, मोहसिन नकवी के नेतृत्व वाली पंजाब की कार्यवाहक सरकार ने कॉर्पोरेट कृषि परियोजना के लिए तीन जिले भक्कर, खुशाब और साहीवाल में 45,267 एकड़ जमीन पाकिस्तानी सेना को पट्टे पर देने की अधिसूचना जारी की। सरकार ने सेना को जमीन सौंपने के लिए 8 मार्च 2023 को एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, लेकिन अब जज आबिद हुसैन चट्ठा ने जमीन सौंपने से रोक दिया है।

इससे पहले 20 फरवरी 2023 को एक अधिसूचना जारी की गई थी, जिसमें पाकिस्तान के पब्लिक इंटरेस्ट लॉ एसोसिएशन की ओर से अहमद राफे आलम द्वारा याचिका दायर किए जाने के बाद अदालत ने सेना को जमीन सौंपने पर रोक लगा दी थी। लाहौर हाईकोर्ट ने सरकार को सरकार की अधिसूचना के अनुसार उपरोक्त उद्देश्य के लिए किसी भी राज्य भूमि के पट्टे का विस्तार करने से रोक दिया। अदालत ने उत्तरदाताओं, पंजाब राजस्व बोर्ड और कृषि, वन, वन्यजीव और मत्स्य पालन, सिंचाई और पशुधन और डेयरी विकास सहित विभिन्न विभागों के सचिवों को 9 मई के लिए नोटिस जारी किए। पाकिस्तान के अटॉर्नी जनरल को भी नोटिस जारी किए गए हैं।

पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, याचिका में तर्क दिया गया कि चुनाव अधिनियम 2017 की धारा 230 (कार्यवाहक सरकार के कार्य) के अनुसार, कार्यवाहक सरकार का जनादेश और दायरा सरकार के दिन-प्रतिदिन के कार्यों को करने तक सीमित है और विशेष रूप से नीतिगत निर्णय लेने से रोक दिया गया है। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि संवैधानिक शासनादेश सेना को बाहरी और आंतरिक सुरक्षा के कार्यों को करने के लिए प्रतिबंधित करता है।

याचिकाकर्ता ने कोर्ट से 20 फरवरी की अधिसूचना को अवैध और शून्य घोषित करने की गुहार लगाई, क्योंकि यह कार्यवाहक सरकार के दायरे में नहीं आती है। इस बीच, लाहौर हाईकोर्ट ने पंजाब के कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में मोहसिन रजा नकवी की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया।